खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### रोशनी के पर्व

**दीपावली के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद**

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

दीपावली पर्व के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा

-प्रबंधक

### पाकिस्तान व अफगानिस्तान सीजफायर पर राजी

**दोहा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने 9 अक्टूबर से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शनिवार को तत्काल सीजफायर पर सहमति जताई। इसका ऐलान कतर के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर किया। बयान के मुताबिक, कतर और तुर्किए की मध्यस्थता में दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों पक्षों ने तत्काल सीजफायर लागू करने पर सहमति जताई। साथ ही सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता लाने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी बात हुई। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों ने अगले कुछ दिनों में फालो-अप मीटिंग करने पर भी सहमति जताई है।

# देशभर में 8.82 लाख अदालती आदेश अधर में

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा निष्पादन याचिकाओं (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है।

जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इन्कार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है, ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं।

### 500 पेज की जमानत याचिका खारिज

**दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट बोली- यह बहुत बड़ी, इसे पढ़ने में कीमती वक्त लगेगा**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने रेप केस के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी, आरोपी के वकील की तरफ से दायर याचिका 500 पेज की थी। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत बड़ी और भारी-भरकम है।

एडिशनल सेशन जज रमेश कुमार द्वितीय ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि एक ही दस्तावेज पर दोबारा गौर करना संभव नहीं है, क्योंकि यह बहुत बड़ा है। कोर्ट ने वकील को याचिका को छोटा करने की सलाह दी और एक नई याचिका दायर करने की छूट दी। आरोपी के खिलाफ कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में रेप केस में मामला दर्ज किया गया था। एएसजे रमेश कुमार ने 17 अक्टूबर को आदेश दिया कि जमानत के दस्तावेज बहुत बड़े हैं। अदालत पर पुराने मामलों के निपटारे का बोझ है। आवेदक/अभियुक्त का आवेदन बहुत बड़ा और स्थूल होने के कारण खारिज किया जाता है और इसे पढ़ने में कोर्ट का कीमती समय खराब होगा।

# अयोध्या के नाम दर्ज हुए दो विश्व कीर्तिमान



अयोध्या, वार्ता

■ रामनगरी पहुंचे प्रभु श्रीराम, 29 लाख दीए जलाकर स्वागत

■ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

**प्रभु राजा** राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26.11 लाख दीए जलाए गए।

ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीए की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीए जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीए में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीए प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी।

### अमेरिका में 'नो-किंग' प्रोटेस्ट, 70 लाख लोग जुटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इन प्रदर्शनों को नो किंग्स प्रोटेस्ट नाम दिया गया है।

















## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश का दिवाली बयान सनातन विरोधी: बीजेपी

**लखनऊ।** अयोध्या में दीपोत्सव से पहले योगी सरकार को घेरते-घेरते अखिलेश यादव ने बड़ा बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसके बाद बीजेपी उनपर खूब हमलावर है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इसे सनातन का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख पहले भी हिंदू रीति-रिवाज एवं आस्था से खिलवाड़ करते रहे हैं। अब उनके त्योहार पर भी टीका टिप्पणी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ जहां समस्त देशवासी दिवाली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर उत्सव मना रहे हैं, वहीं सपा प्रमुख इसको पैसों की बर्बादी बता रहे हैं। उनका बयान साफ दर्शाता है कि आप सनातन धर्म और संस्कृति के कट्टर विरोधी हैं, लेकिन भाजपा हिंदू धर्म और उनकी पवित्र आस्था के लिए हमेशा सजग और तत्पर है।

### अब्दुल्ला के बयान पर ओवैसी का पलटवार

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद वह जन सुरक्षा कानून लागू करेंगे। ओवैसी ने कहा कि 1978 से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में आए सभी मुख्यमंत्रियों के पास इस कानून को निरस्त करने की शक्ति थी, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया।

# उप्र में मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दीपावली विशेष अभियान के तहत आठ करोड़ की मिलावटी सामग्री जब्त

**लखनऊ।** उप्र में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा आठ से 17 अक्टूबर तक चलाए गए 'दीपावली विशेष अभियान' के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर निरीक्षण और छापेमारी में लगभग आठ करोड़ मूल्य की मिलावटी और नुकसानदेह खाद्य सामग्री जब्त कर उसे नष्ट कर दिया गया।

दीपावली के पर्व पर स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चला कर मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। योगी सरकार का स्पष्ट मानना है कि दीपावली का पर्व केवल रोशनी और उत्सव का प्रतीक नहीं, बल्कि शुद्धता, पारदर्शिता और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रतीक भी होना चाहिए। इसी सोच के तहत मिलावट के खिलाफ यह अभियान शुरू किया गया, जो केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य मिलावट-मुक्त उप्र बनाना है, जिसके लिए जिला स्तर पर प्रवर्तन दलों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए इस प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान 6075 निरीक्षण और 2740 छापेमारी कार्रवाइयां की गईं। विभागीय टीमों ने 3767 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। कुल 3548 क्विंटल मिलावटी या संदिग्ध सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4.97 करोड़ आंकी गई, जबकि 1871 क्विंटल नुकसानदेह सामग्री को नष्ट कराया गया, जिसका मूल्य लगभग 2.89 करोड़ है। डा. जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि जनता के स्वास्थ्य से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं। इसी के तहत दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# जमीनी तैयारी तेज करें राज्य इकाइयां: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पार्टी संगठन को मज़बूत करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मायावती ने विभिन्न राज्यों की इकाइयों से कहा कि वे जमीनी तैयारी तेज़ करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। रविवार को प्रदेश कार्यालय पर हुई आल इंडिया की बैठक में मायावती ने कहा कि देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। मायावती ने कहा कि सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं। मायावती ने कहा कि बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है। यह तभी संभव है, जब वोट की शक्ति को संगठित किया जाए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव, मोहल्लों और शहरों में जाकर लोगों से सीधा संवाद बढ़ाने और संगठन को जनाधार तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में डा. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बीएसपी की स्थापना सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए की गई थी। यही वह मार्ग है, जिससे बाबा साहेब और कांशीराम जी का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि बीएसपी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो समाज के सभी कमजोर वर्गों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्षरत है। हरियाणा में हुई अमानवीय जातिगत घटना का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि ऐसे मामलों पर संवैधानिक संस्थाओं और सरकारों को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से जातिवादी अत्याचार रोकने और न्याय व्यवस्था को मज़बूत करने की मांग की। मायावती ने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य बहुजन समाज के करोड़ों लोगों को गरीबी और लाचारी से निकाल कर उन्हें देने वाला नहीं, लेने वाला समाज बनाना है।

## अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी ने भरी हुंकार

# जहां रामभक्तों पर चलीं गोलियां, हमने दीप जलाए

अयोध्या।



■ पांच सौ साल का सनातन संघर्ष हम नहीं भूल सकते, कांग्रेस ने कहा था कि राम तो है ही नहीं, राम तो मिथक हैं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला का दर्शन पूजन अर्चन कर राममंदिर परिसर में दीप प्रज्जवलित किया।

मुख्यमंत्री के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव मौजूद रहे। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला राममंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। प्रथम तल पर स्थापित रामदरबार में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राममंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थित स्थल पर एक दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम का स्मरण किया। श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सज-धजकर तैयार है। योगी ने इस अवसर पर संतो को दीवाली का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने गोली चलवाई थी हम दीप जला रहे हैं।

उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर दीया हमें याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। सत्य की जीत ही नियति है और इसी जीत की नियति के साथ सनातन धर्म ने 500 सालों तक लगातार संघर्ष किया है। उन्हीं संघर्षों के परिणामस्वरूप अयोध्या में एक भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। दीपोत्सव स्थल पर लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। अवध विश्वविद्यालय के करीब 35 हजार वॉलंटियर दीपकों में तेल और बाती डालने का काम कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम की नगरी दीपों की रोशनी से नहाने को तैयार है, हर ओर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

### अयोध्या का दीपोत्सव शुरू, जयवीर सिंह ने झाकियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या का दिव्य भव्य दीपोत्सव शुरू हो गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित झाकियों को कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। अयोध्या के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उनके साथ झाकियों को हरी झंडी दिखाई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रथम पड़ाव पर प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झाकियों का अभिनन्दन किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सिंह ने कहा कि दीपोत्सव प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के अभिनन्दन का महापर्व है। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता भाई लक्ष्मण का स्वागत अयोध्या वासी पुष्पों की वर्षा कर करते हैं और शाम को दीपक जला कर अपनी खुशियों को प्रदर्शित करते हैं।

# 2027 में प्रजापति समाज के दीयों से जगमाएगी हर चौखट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बीजेपी सरकार छीन रही प्रजापतियों का हक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दीपावली के अवसर पर बड़ा संकल्प लेते हुए कहा कि 2027 की दिवाली पर पीडीए सरकार उप्र के प्रजापति समाज के करोड़ों रुपए के दीये खरीदेगी, ताकि उनकी आमदनी इतनी बढ़े कि उनके घरों में कई महीनों तक दिवाली का प्रकाश बना रहे।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज की भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्यों के लोगों को यह कार्य देकर उप्र के प्रजापति समाज का हक छीन रही है। हम चाहते हैं दीया भी उप्र का हो, बाती भी, तेल भी और रोशनी भी। भाजपा दीपोत्सव के ठेकों में उप्र के लोगों की उपेक्षा करके 'दीया तले अंधेरा' करने का पाप न करे। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची दिवाली तभी होगी, जब उसका उजाला हर घर तक पहुंचे और प्रदेश का हर मेहनतकश परिवार उस प्रकाश में अपनी खुशियां देख सके। इससे पूर्व त्यौहार को लेकर अखिलेश यादव ने कहा था कि त्योहार परस्परता के प्रतीक होते हैं। किसी की माटी, किसी का दीया, किसी का सूत, किसी की बाती, किसी का तेल, किसी की खील, किसी का कपड़ा, किसी की सिलाई, किसी का खोआ, किसी की मिठाई, किसी का खिलौना, किसी का बताशा, किसी की फुलझड़ी, किसी का पटाखा सौहार्द बचा रहेगा तो त्योहार बचा रहेगा।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 131000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो




# शिखर पर शेयर बाजार, तिमाही परिणामों पर निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह पहले दो दिन की गिरावट के बावजूद प्रमुख सूचकांकों में करीब 1.7 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी देखी गई और सप्ताहांत पर वे नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ निवेशकों की नजर विदेशी कारकों, खासकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर हुई प्रगति पर भी रहेगी।

व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वहां पहुंच चुका है। गत सप्ताह पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही, जबकि आखिरी के तीन दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 1,451.37 अंक (1.76 प्रतिशत) की बढ़त में 83,952.17 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दूसरा सबसे ऊंचा बंद भाव है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 424.50 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 25,709 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान से कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का आश्वासन दिया है, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद बढ़ी है। इसके अलावा कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणामों से भी निवेश धारणा मजबूत हुई है।

मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और शेष आठ में गिरावट देखी गई। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 7.15 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 5.61 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 4.97, बजाज फाइनेंस में 4.54, टाइटन में 4.08 और आईसीआईसीआई बैंक में 4.6 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 3.92 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 3.73 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.99, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.60, ट्रेंट का 2.58, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.58, आईटीसी का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.20 प्रतिशत मजबूत हुआ।


### एफपीआई ने अक्टूबर में पूंजी बाजार में लगाए 21,167 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 21,167 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। लगातार चार महीने की बिकवाली के बाद एफपीआई का रुख सकारात्मक रहा है। इससे पहले सितम्बर में उन्होंने 12,571 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। खास बात यह रही कि इस महीने इक्विटी में भी उनका निवेश तीन महीने बाद सकारात्मक हुआ है। इक्विटी में उन्होंने 6,480 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। डेट में एफपीआई ने 12,475 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

### छोटी दिवाली पर सोने-चांदी के दामों में भारी उछाल

**नई दिल्ली।** रविवार को छोटी दिवाली के मौके पर देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कुछ शहरों में तो सोने और चांदी ने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर को छू लिया है। खासकर 24 कैरेट सोने की कीमत ने1.31 लाख प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, चांदी 1.90 लाख प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। देश के महानगरों भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,910 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ 1,31,010 रुपये, मुंबई, हैदराबाद, केरल और बेंगलुरु में 1,30,860 तथा चेन्नई में 1,30,910 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद में 1,72,000 रुपये प्रति किलो, भोपाल और इंदौर में 1,85,000, चेन्नई, हैदराबाद, मदुरै, केरल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम में 1,90,000 रुपये प्रति किलो रहा। सोने की शुद्धता को पहचानने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा हॉलमार्किंग की जाती है।

# गेहूं-चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गई। वहीं चीनी और दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 60 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,834.21 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 11 रुपये महंगा होकर 2,860.50 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,312.81 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल में तीन रुपये की तेजी रही। मूंगफली तेल 90 रुपये और सोया तेल 85 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल की कीमत कमोबेश स्थिर रहा। वनस्पति की कीमत 63 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 55 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 23 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 110 रुपये और उड़द दाल 90 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी में भी 23 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7854.67 रुपये, मसूर काली 8089.33 रुपये, मूंग दाल 10084.04 रुपये, उड़द दाल 10365.18 रुपये, तुअर दाल 10415.53 रुपये प्रति क्विंटल।

# बिहार में महागठबंधन के झगड़े ने एनडीए की राह कर दी आसान!

## सीट बंटवारे को लेकर मची हुई है भारी खींचतान

**पटना।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर महाझगड़ा मचा हुआ है। जिस महागठबंधन ने कभी एकजुट होकर एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ने का वादा किया था, आज वही अब राजनीतिक गलियारे में उनका मजाक बनना शुरू हो गया है।

पहल चरण के लिए वोटिंग की तारीख नजदीक आते ही महागठबंधन में एनडीए से नहीं, बल्कि अपने गठबंधन में शामिल पार्टियों के खिलाफ उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं। ऐसी संभावना है कि महागठबंध में शुरू हुई ये रेस एनडीए को फायदा पहुंचा सकती है। क्योंकि 10 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच लगभग दोस्ताना मुकाबले हो रहे हैं। जो इंडिया गठबंधन को हार की ओर लेकर जा सकते हैं। सीट बंटवारे से नाराज राजद, कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता जिन-जिन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले कर रहे हैं, एनडीए की रफ्तार को धार मिलना तय माना जा रहा है। वैशाली, तारापुर, कुटुम्बा और अन्य प्रमुख सीटों पर राजद उम्मीदवार कांग्रेस और वीआईपी उम्मीदवारों के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

कांग्रेस ने जहां पहले चरण में 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, वहीं गठबंधन में शामिल दूसरे दल ऐसा करने में असफल रहे। सीट बंटवारे को लेकर अभी राजद के तेजस्वी यादव और अन्य नेताओं के बीच लगातार बातचीत जारी है, लेकिन नतीजा अभी साफ नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया और वो अब सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करते हुए नजर आएंगे। मुकेश साहनी ने पहले ही महागठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया था, क्योंकि राजद उनकी मांगों को मानने को तैयार नहीं था। बाद में भाकपा-माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने राहुल गांधी से फोन पर बात करके मुकेश सहनी को शांत कराया।

# यूपी रोडवेज का दिवाली-छठ पर्व का तोहफा

लखनऊ, वार्ता

■ हर घंटे मिलेगी बस, कर्मचारियों की एक्स्ट्रा काम पर इंटेसिंव

त्योहारों को देखते हुए यूपी सरकार ने 18 से 30 अक्टूबर तक इंसेंटिव पीरियड घोषित किया है। इसी के तहत यूपी रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाने और भीड़ वाले रास्तों पर फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का फैसला लिया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर जैसे मार्गों पर विशेष सेवाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ से कनेक्टिविटी भी मजबूत की जा रही है। मुरादाबाद जनपद त्योहारी सीजन में यात्रियों का प्रमुख ट्रांजिट पाइंट बनता है। सरकारी निर्देशों के मुताबिक यहां से लखनऊ सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी और लोड फैक्टर 60 प्रतिशत से ऊपर जाते ही तुरंत अतिरिक्त ट्रिप्स जोड़ने की व्यवस्था रहेगी। विभाग ने बस अड्डों पर डिजिटल टाइम-शेड्यूल, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और यात्री सहायता केंद्रों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। ड्राइवरों-कंडक्टरों के लिए प्रोत्साहन राशि भी तय की गई है, जिससे अतिरिक्त फेरों का संचालन सही तरीके से चलता रहे। क्षेत्रीय मांग के अनुसार देर रात तक संचालन का प्लान भी बनाया गया है। मुरादाबाद-उत्तराखंड कॉरिडोर, हल्द्वानी, काशीपुर, रामनगर रूट पर पर त्योहारों के दिनों में यात्रियों की अधिकता को देखते हुए रात तक सेवाएं बढ़ाने का विकल्प रखा गया है। सीमा से जुड़े जिलों में यह व्यवस्था भीड़ के अनुसार लागू की जाएगी, ताकि अंतिम समय में भी यात्रियों को सीट उपलब्ध हो सके। बता दें कि यूपीएसआरटीसी अतिरिक्त ट्रिप्स और भीड़ के अनुरूप शटलिंग से घंटे-घंटे की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यात्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी रीयल-टाइम उपलब्धता देख सकते हैं। बुकिंग से पहले समय-सारिणी और सीट स्टेटस चेक करना यात्रियों के लिए फायदेमंद रहेगा।

### अनफिट बसें नहीं चलेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने साफ किया है कि इंसेंटिव पीरियड में अधिकतम फ्लीट ऑन-रोड रहेगी, अनफिट बसें नहीं चलेंगी। इस दौरान भीड़ बढ़ते ही अतिरिक्त सेवाएं बढ़ाई जाएंगी। इससे मुरादाबाद से लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों को जाने में आसानी होगी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आनंदीबेन ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की वैश्विक रैंकिंग पर दी बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व. विद्यालय जौनपुर को पहली बार विश्व-प्रतिष्ठित क्यूएस रैंकिंग प्रणाली में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



विश्वविद्यालय ने दक्षिण एशिया रैंकिंग में 397वां स्थान तथा एशिया स्तरीय रैंकिंग में 1201-1300 बैंड में स्थान प्राप्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधकर्ताओं, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों के सामूहिक परिश्रम, शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान प्रतिबद्धता और नवाचारोन्मुख दृष्टिकोण का परिणाम है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूर्वांचल क्षेत्र ही नहीं, पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। श्रीमती पटेल विश्वास व्यक्त किया कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में भी शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा तथा प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाता रहेगा। गौरतलब है कि क्यूएस रैंकिंग, एक प्रतिष्ठित विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय रैंकिंग है, जो शैक्षणिक प्रतिष्ठा, अनुसंधान, रोजगार क्षमता, और अंतरराष्ट्रीयकरण जैसे विभिन्न मानदंडों पर आधारित है। यह रैंकिंग दुनिया भर के शीर्ष विश्व. विद्यालयों का मूल्यांकन करने के लिए बनाई गई है, जिससे छात्रों को उनकी शैक्षिक और करियर आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिल सके।

## करंट लगने से दो बच्चों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी अदवारी निवासी चार वर्षीय राजबीर चौहान पुत्र रामस्वरूप चौहान घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान बिजली के खंभे से उतर रहे अह्वथग करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने जब उसे छुड़ाने की कोशिश की तो उन्हें भी झटका लगा। किसी तरह बच्चे को अलग कर परिजन सीएचसी सांडा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम क्योंटाना हरदोपटी में हुई। यहां अरलवद की करीब एक वर्ष की पुत्री घर में खेल रही थी। खेलते समय वह अचानक फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गई, जिससे उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई।दोनों ही परिवारों में इस हादसे के बाद कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री की पति ने कर दी हत्या, घरेलू विवाद में हुआ खूनी संघर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर बरौरा सुरजी पारा मोड़ पर शनिवार की रात घरेलू विवाद में एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री की उसीके पति ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान सुमन देवी (36) पत्नी संदीप के रूप में हुई है। सुमन ग्राम बेनीवाइजपुर की मूल निवासी थीं और वर्तमान में अपने पति के साथ रामपुर बरौरा में रहती थीं।यहीं वह आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के रूप में कार्यरत थी।

जानकारी के अनुसार, रात में भोजन के दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात बढ़ी तो विवाद लहसक झगड़े में बदल गया। आरोप है कि संदीप ने अपने भाइयों जगरूप, अनिल और रिश्तेदार विक्रम पुत्र प्रहलाद के साथ मिलकर सुमन पर लोहे की रॉड, बेलचा (फावड़ा) और स्टूल से बेरहमी से हमला किया। गंभीर रूप से घायल सुमन ने किसी तरह अपने पिता रामासरे (निवासी ग्राम नकुरी कला) को फोन कर पूरी घटना बताई। सूचना मिलते ही पिता मौके पर पहुंचे और घायल बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हरगांव ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर



हरगांव पुलिस टीम भी मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता रामासरे की तहरीर पर पुलिस ने पति संदीप सहित चार नामजद आरोपियों, जगरूप, अनिल और विक्रम पुत्र प्रहलाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अरलवद कुमार पांडेय ने बताया कि फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मुख्य आरोपी संदीप को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घरेलू विवाद में हुई इस निर्मम हत्या से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

# घर के आंगन में दबा शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उप्र के बहराइच जिले के जरवल इलाके के अहाता ग्राम में रविवार को एक घर के अंदर मिटी में दबा महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान फूला (40) के रूप में हुई है,

जिसका विवाह लगभग 25 वर्ष पूर्व हरिकिशन नामक व्यक्ति से हुआ था। घटनाक्रम के अनुसार, फूला 6 अक्टूबर को अचानक लापता हो गई थी। जब परिजनों ने हरिकिशन से इस बारे में पूछा, तो उसने कहा कि वह कहीं गई होगी। इसके बाद वह मजदूरी करने के लिए बाहर चला गया। फूला के मायके वालों को हरिकिशन पर शक हुआ और उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए शनिवार को जरवल पुलिस को सूचना दी। जरवल थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिस कर्मियों और मृतका के परि. जनों के साथ मौके पर पहुंचे। घर के अंदर से आ रही दुर्गंध ने सभी को चौंका दिया। जब पुलिस ने उस कमरे की खुदाई की जहां से बदबू आ रही थी, तो फूला का शव बरामद हुआ। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के भाई के बेटे, दीपचंद्र ने बताया कि हरिकिशन अक्सर फूला के साथ मारपीट करता था और उसे नशे की लत भी थी।

# इन्हौना, जगदीशपुर व पीपरपुर पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिले में रविवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में 'मिशन शक्ति' अभियान के पंचम चरण के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से म0का0 प्रमिला द्वारा कस्बा जगदीशपुर में, उ0नि0 अनिल मिश्रा व म0का0 रूबी शर्मा थाना पीपरपुर द्वारा ग्राम भेवई में, उ0नि0 गिरिजाशंकर व म0का0 ज्योति सोनकर थाना रामगंज द्वारा ग्राम वासुदेवपुर में, उ0नि0 लल्लन




यादव व म0का0 रानी यादव थाना शिवरतनगंज द्वारा ग्राम कल्याणपुर में, म0का0 वैशाली रानी थाना जामो द्वारा कस्बा जामो में, उ0नि0



रामप्रकाश यादव व म0का0 प्रीती कुशवाहा थाना संग्रामपुर द्वारा ग्राम सरैया कनू में,म0का0 सारिका थाना इन्हौना द्वारा कस्बा इन्हौना में व अन्य थानों की मिशन शक्ति टीम द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विद्यालयों व गांवों/कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालि. काओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ख्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, थानों पर स्थापित महिला सुरक्षा केन्द्र के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

# डीएम ने दीपावली पर जनपदवासियों को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की शुभकामनायें देते हुये उनके स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना किया है।




उन्होने दीपों के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर मनाने की अपील की है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये पटाखों का कम से कम प्रयोग करें, पटाखे जलाते समय बच्चों के साथ बड़े अवश्य रहें, कम आवाज वाले पटाखे ही जलाएं ताकि आस-पास कहीं प्रदूषण न फैले, खासकर चिकित्सालयों, बीमार व्यक्तियों के आस-पास पटाखे जलाने से परहेज करें। उन्होने यह भी अपील किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये जरूरी है कि ग्रीन पटाखें जलाये जाये।

पटाखों के कारण होने वाले वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य समस्या की सम्भावनायें बनी रहती है, वायु प्रदूषण से बच्चों, बुजुर्गो और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों का आवाहन करते हुये कहा है कि दीपावली के पावन पर्व पर असहाय, गरीब व्यक्तियों के बीच जाकर उनमें त्योहार की खुशियां बांटने का काम करें। जिलाधिकारी ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हाल्र्दक शुभकमानाएं देते हुये जनपदवासियों से यह भी आवाहन किया कि अपने को सुरक्षित रखकर दीपावली के पर्व को परम्परागत ढंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाएं।

## अखिलेश ने दी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने देशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की हाल्र्दक बधाई दी है। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि दीपावली प्रकाश, सौहार्द और सद्भाव का पर्व है जिसे सभी लोग मिलजुलकर मनाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि यह त्यौहार एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ाता है तथा समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

# शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में वन कर्मियों का गजब कारनामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत शिवरतनग. ंज थाना क्षेत्र में महराजगंज इन्हौना सड़क मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के बगल धुलाई सेंटर के सामने बाई पटरी पर एक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ आंधी और बारिश में गिर गया था।

उस विशाल यूकेलिप्टस पेड़ को वन रेंज तिलोई पहुंचाने की बजाय उसे लकड़ी माफियाओं से साठ-गांठ कर बेंच दिया गया हालांकि इस मामले को लेकर तमाम लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर नाराजगी भी जताई लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की शिथिलता बरतने के चलते यूकिलिपटस पेड़ का मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया वहीं इस मामले में बीट प्रभारी राम राज यादव से जानकारी लेने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा वन दरोगा ने भी मामले में



अपना पल्ला झाड़ते हुए बताया कि उन्हें मामले की जानकारी ही नहीं है हालांकि वन कर्मियों द्वारा यूकिलिपटस पेड़ में की गई हेराफेरी का मामला अब धीरे धीरे तूल पकड़ता जा रहा है इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा से जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं हो सकी।

# मुस्लिम युवकों ने स्वामी प्रेमानन्द महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मांगी दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर/अमेठी।** विकास क्षेत्र के क्स्बा शिवरतनगंज के मुस्लिम युवकों ने स्वामी प्रेमानंद महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ मांगी।



क्स्बा निवासी परवेज अहमद, सलमान गुर्जर, सलमान इदरीसी, अब्दुल कुद्दूस, मोव आफताब, राजू चाचा आदि ने शनिवार को बाराबंकी जनपद के देवा शरीफ स्थित प्रसिद्ध हाजी वारिश अली शाह की दरगाह पहुंचे जहां सभी ने प्रेमानन्द महराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। परवेज अहमद ने बताया कि महराज प्रेमानन्द जी महराज एक अलौकिक प्रतिभा के धनी व महान संत है जिनके विचारों से हम लोग बहुत ही प्रभावित है।

देवा सरीफ के प्रसिद्ध सूफ़ी संत हाजी वारिश अली शाह की दरगाह पर स्वामी प्रेमानन्द के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए दुआ मांगी है।

## प्रयागराज: नहर में तैरता मिला नवजात का शव

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र में एक नवजात शिशु का शव नहर में तैरता हुआ मिला है। यह घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है,मांडा के बरहा कला गांव के पास एक नहर में बच्चे का शव दिखने के बाद हड़कम्प मच गया। राहगीरों ने नहर में शव को तैरता देख तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात के शव को नहर से बाहर निकालवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ये नवजात शिशु किसका है किसी को कोई जानकारी नही हो पा रही है पुलिस सूत्रों का कहना है की इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक दीपावली पर्व की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिले के लोग दीपावली पर्व की तैयारी में जुट गए हैं। रविवार को छोटी दीपावली मनाई गई, जबकि सोमवार को बड़ी दीपावली है।

दीपावली पर्व को लेकर के पूरा शहर तैयार नजर आ रहा है। रविवार को दीपावली पर्व की शुभकामनाओं का दौर चलता रहा। बड़ों ने अपने छोटों को मिठाईयां देकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। भजपा नेता सागर गुप्ता ने लोगों को मिठाई बांट दीपावली पर्व की खुशियां बांटी।



इस मौके पर सागर गुप्ता ने कहा कि, यदि हम अपने आसपास के गरीब परिवारों की दीपावली नहीं मनवा सकते, तो हमारा मानव जीवन व्यर्थ है। उन्होंने लोगों से अपील की, कि जो लोग संपन्न हैं, वे लोग दीपावली पर गरीबों के भी मदद करें। इधर नगर पालिका ने पूरे सीतापुर शहर को आकर्षक ढंग से सजा रखा था। पूरा शहर रंग बिरंगी रोशनी से नहाता नजर आ रहा था। श्याम नाथ बाबा तीर्थ पर हजारों की संख्या में दीपक जलाए गए। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। नैमिषारण्य में भी लाखों की संख्या में दीप जलाने की तैयारी चल रही है। कुल मिलाकर शहर से लेकर गांव तक दीपावली पर्व की तैयारी देखी जा रही है। बाजारों में खासी भीड़ रही।

# सामूहिक प्रयासों से ही बनेगा विकसित भारत, विकसित उप्र: डीएम

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने रविवार को जनपदवासियों को आरोग्य, समृद्धि, यश और वैभव के पर्व दीपावली सहित सभी आगामी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने अपील की कि सभी नागरिक इन त्योहारों को उल्लास, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 'समर्थ पोर्टल' पर नागरिकों से सकारात्मक एवं रचनात्मक सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं, ताकि विकास योजनाओं को जनभागीदारी के साथ और प्रभावी बनाया जा सके। डा. दिनेश चंद्र ने जनपदवासियों से आह्वान किया कि दीपावली के पावन अवसर पर हम सभी संकल्प लें कि समर्थ पोर्टल पर अपने गुणवत्तापूर्ण सुझाव देकर जौनपुर को प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने में योगदान दें।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भदोही।** उप्र में भदोही जिले की एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

एडीजीसी धीरज शुक्ला ने रविवार को बताया कि पिछले साल 18 मई को कोइरौना थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर अपनी नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला-फुसला कर एक युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। मामले में पास्को सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम करने के बाद पुलिस ने आरो. पित को गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद प्रकरण में साक्ष्य, बयान, मेडिकल आदि के बाद चार्जशीट न्यायालय में पेश की गई थी। पुलिस, निगरानी सेल तथा एडीजीसी की प्रभावी पैरवी के बाद शनिवार को न्यायालय आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल की सजा और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का फैसला सुनाया है। न्यायाधीश लोकेश कुमार मिश्रा, विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) प्रथम भदोही ने दुष्कर्म के आरोपित शैलन्द्र माली निवासी इटहरा को धारा 376 भारतीय दंड संहिता तथा धारा 5 (जे) (पप)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनायी और साथ ही 20 हजार रुपये का जुर्माना भी गया। जुर्माने की राशि न अदा करने पर दोषी को दो साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता को दी जाएगी।

## छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**संतकबीरनगर।** उप्र में संतकबीरनगर जिले के थाना कोतवाली खलीलाबाद में कोचिग सेंटर में पढने वाली छात्रा के साथ गत 17 अक्टूबर को पीने के पानी मे कुछ मिला कर पिलाने तथा बेहोशी की हालत में दुष्कर्म करने का आरोपी रविवार को पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने यहां बताया कि उक्त घटना के संबंध थाना कोतवाली खलीलाबाद पर भारतीय न्याय संहिता और पाक्सो एक्ट तथा अनुसचित जाति एवं अनुसूचित जनजा. ति अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय आज दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त बदरे आलम पुत्र मो- अकरम खां निवासी मड़या थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को आयुष्मान आरोग्य केंद्र, रौरापार से तड़के गिरफ्तार किया गया।

# व्यापारियों से सात करोड़ से अधिक की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** उप्र के वाराणसी में लंका पुलिस ने व्यापारियों से सात करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले शरद भार्गव को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल ने रविवार को बताया कि लंका निवासी शरद भार्गव के खिलाफ वाराणसी के विभिन्न थानों में सात करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले दर्ज हैं। लंका थाने में भी उनके खिलाफ पहले से मुक. दमा दर्ज है। पुलिस को सूचना मिली थी कि वाराणसी में ठगी करने के बाद शरद भार्गव सोनीपत, हरियाणा में छिपा हुआ है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार को बताए गए पते पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। शरद भार्गव ने ठगी के लिए एक संगठित गिरोह बना रखा था। इस गैरकानूनी कारोबार में उनकी पत्नी )चा भार्गव भी शामिल है, जो वर्तमान में फरार है। पुलिस ने बताया कि शरद भार्गव के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी और उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। उसने ज्यादातर धोखाधड़ी प्रॉपर्टी में निवेश के नाम पर की है।

# दीपावली पर घर जा रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर एक व्यक्ति की मौत से परिवार में मातम छा गया।

थाना क्षेत्र के जसपुर-सुआवाला मार्ग के मोड़ पर प्रतिमाह सड़क दुर्घटना में दो चार बाइक सवार काल का ग्रास बन जाते हैं या घायल होकर अपंग होकर जिन्दगी गुजार रहे होते है परन्तु विभागीय अधिकारी ने कसम खा रखी है उक्त मोड़ की समस्याओं से निजात न दिलाने की। सड़क किनारे बड़ी झाड़ियों ओर मोड़ के कारण सड़क दुर्घटना होती है।



एक मामला फिर सामने आया है। विकास शर्मा (35 वर्ष) पुत्र भाईलाल निवासी आफिसर एनक्लेव कॉलोनी हल्द्वानी देहरादून में नौकरी करता था। बीती रात्रि बाइक द्वारा दीपावली का त्यौहार मनाने अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के गांव मनोहरवाली के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन की चेपट आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# कोतवाली रोड पर बिना अनुबंधित ढाबों पर रोकी जा रही रोडवेज बसें

## यात्रियों को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद कोतवाली रोड पर हिंदूपुर के पास एक ढाबे पर बिना अनुबंधित ढाबे पर उत्तर प्रदेश रोडवेज परिवहन की बसें रोकी जा रही है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और राजस्व को भी हानि पहुंच रही है। इस विषय में नजीबा. बाद रोडवेज परिवहन एआरएम रामप्यारे प्रसाद ने बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को भेज कर जानकारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने रोडवेज बसों के ठहराव को लेकर एक सख्त निर्देश है। रोडवेज की बसें केवल उन ढाबों और रेस्टोरेंट्स पर रुकेंगी, जिन्हें निगम द्वारा अधिकृत किया गया है। अगर ड्राइवर-कंडक्टर ने मनमर्जी से बसें रोकी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुबंध ढाबों पर बसों को अवैध रूप से रोका जा रहा है, जिससे दुर्घटना का खतरा है। बिना अनुबंध के ढाबों पर बसें रोकी जा रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा और विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है।




## एक नजर

### महायज्ञ के लिए गोष्ठी संपन्न



**अफजलगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर के समीप ग्राम शेरगढ़ के पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य इंटर कॉलेज में होने वाले महायज्ञ के लिए विचार गोष्ठी आयोजित की गई थी। विचार गोष्ठी ग्राम रामनगर के राम दर्शन कौशिक के निजी आवास पर संपन्न हुई। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा सभी ने महायज्ञ के लिए गंभीरता से विचार रखे। सभी कार्यकर्ताओं ने आने वाली 26 अक्टूबर को निकलने वाली कलश यात्रा के लिए घोड़े-बग्गी, डीजे एवं ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा झांकियां निकालने के प्रस्ताव जिम्मेदारी के साथ पास किया। वहीं पर कार्यकर्ताओं को महायज्ञ में जिम्मेदारियां सौंपी गई। ताकि चार दिन चलने वाले महायज्ञ में बाहर से आए हुए किसी भी श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं की ठहरने के लिए हर तरह का इंतजाम मिले। श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था श्रीराम शर्मा आचार्य इंटर कॉलेज शेरगढ़ में रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं ने महायज्ञ में अपने विचार गंभीरता से रखें।

### वेलफेयर प्रेस क्लब ने दिव्यांग को दी रिक्शा



**अफजलगढ़।** थाने के समीप स्थित कर्णवाल बैंकट हॉल के पास वेलफेयर प्रेस क्लब अफजलगढ़ की ओर से एक दिव्यांग व्यक्ति को रिक्शा भेंट किया गया। स्थानीय निवासी गोहर अली खां मौहम्मद रिजवान को यह रिक्शा देकर क्लब के पदाधिकारियों ने उनके आवागमन को सुगम बनाने की सराहनीय पहल की है। दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों ने समाजसेवा के क्षेत्र में क्लब की भूमिका पर चर्चा की। यह अफजलगढ़ का पहला वेलफेयर प्रेस क्लब है, जिसने किसी विकलांग व्यक्ति की सहायता के लिए अपने स्तर पर रिक्शा उपलब्ध कराया। इस पहल को नगरवासियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनय भार्गव, सुनील कुमार, अगम जैन, जहीर एडवोकेट, हरिश्चंद्र कर्णवाल, संगम चौहान, नरेश गौतम, अब्दुल बारी, अनिल कुमार नारायण, सत्य प्रकाश, आमिर खान, डा. कोमल कुमार, अजमल हसन, गिरेंद्र सिंह और समेत कई पत्रकार मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### नारायणवाला में जनचौपाल कार्यक्रम



**रेहड़।** ग्राम नारायणवाला में स्थित पंचायत घर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने महिलाओं व छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ या किसी भी साइबर फ्रॉड व अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करायें। यदि कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना हो तो सहायता के लिए तुरंत सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें, ताकि पुलिस समय से पहुंचकर पीड़ित की समस्या का समाधान कर सके। इस दौरान मिशन शक्ति कार्यक्रम के सहप्रभारी उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी दिनेश चहल, महिला आरक्षी साक्षी व अनुष्का, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

### एनएस इंटरनेशनल में दीपावली उत्सव

**बुढ़नपुर।** एनएस इंटरनेशनल स्कूल सदाफल में दीपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने मनमोहक रंगोलियां बनायी, दीपक सजाये, कंदील आदि बनाये गए। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल रूचि सिंह ने दीपावली पर्व के महत्व को समझाते हुये सदभावना से मिलजुल कर त्यौहार मनाने के लिये सभी को प्रेरित किया एवं बधाई दी। मैनेजर निखिल कुमार ने सभी को दीपावली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के साथ स्कूल को सजाकर भारतीय संस्कृति का परिचय दिया।



# एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ किया गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मुख्य बाजार में दीपावली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिगत एसडीएम व सीओ धामपुर ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की और पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्य बाजार में दीपावली पर्व पर सुरक्षा की दृष्टिगत एसडीएम स्मृति मिश्रा व सीओ अभय कुमार पांडेय ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। भीड़भाड़ वाले इलाके में पैदल गश्त की गई। इस मौके पर पुलिस को दीपावली पर्व पर बाजार में गश्त करने और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजा. मत करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

# विद्युत तार चोरी में बरेली के तीन आरोपी दबोचे

## पुलिस रामपुर के चार आरोपियों को पूर्व में कर चुकी है गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के गोदाम से पिछले माह 11 सितंबर को विद्युत तार के बंडल चोरी हो गए थे। इस मामले में कंपनी के गोदाम इंचार्ज वसी मौहम्मद निवासी सुपौल बिहार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

रविवार को पुलिस ने इस घटना के तीन और आरोपितों को विद्युत तार व नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार आरोपितों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। रेहड़ में काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे किनारे मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नामक कंपनी का गोदाम स्थित है। 11 सितंबरकी रात्रि चोर कंपनी के गोदाम से कंडेक्टर वायर (विद्युत तार) के बंडल चोरी कर ले गए थे। पुलिस इस घटना के चार आरोपियों अजीज अहमद पुत्र कबीर अहमद निवासी नयागांव थाना मिलक जिला रामपुर, राशिद पुत्र लियाकत व असीम पुत्र जमील अहमद निवासीगण मौहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना मिलक जिला रामपुर व अय्यूब पुत्र मौ. रहीस निवासी कस्बा व थाना मिलक जिला रामपुर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर काशीपुर हरिद्वार नेशनल हाईवे पर स्थित पीएनसी ग्राउंड से इस मामले में वांछित चल रहे फिरासत पुत्र रहमत अली, कासिफ पुत्र विरासत व आक. श पुत्र लालाराम निवासीगण गांव फिरोजपुर थाना शाही जिला बरेली को गिरफ्तार किया है।



थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आरोपियों से 10040 रुपए की नगदी, एक बंडल विद्युत तार एल्युमिनियम, टपारिया कंपनी का एक कटर व एक जबड़ा लोहा बरामद हुआ है।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्कृष्ट व आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



रंगोली प्रतियोगिता में कुल 15 टोली बनाई गई। एक टोली में चार छात्राएं रहीं। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली में दीपावली की अद्भुत छटा देखने को मिली, जिसने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। रंगोली के रंग-बिरंगे कलर अनेकता में एकता का संदेश प्रदर्शित कर रहे थे। कॉलेज प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री ने कहा कि दीपावली अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर ले जाती है। छात्रों को भी अपने अंधकार रूपी अज्ञान को शिक्षा ग्रहण कर दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा ही जीवन को जीना सिखाती है। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली बहुत ही आकर्षक व प्रशंसनीय है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भारतीय लोगों की सोच में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। जिस कारण महिलाएं सशक्त भारत निर्माण में अपना सर्वाधिक योगदान दे रहीं है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की कुंजी है। शिक्षा ही महिला पुरुष में समानता लाती है। वर्तमान युग में महिलाओं की शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति समझ बढ़ी है। जो भारत राष्ट्र को सबल बना रही है। प्रतियोगिता की निर्णायक भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ. शिवाली राजपूत, छाया राजपूत, शनि, रुचि रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही टोली को कालेज प्रबंधन तंत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध तंत्र की ओर से शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

इस मौके पर कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी की रश्मि राजपूत, ठाकुर आकाश राजपूत, कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, चीफ प्रॉक्टर डा. आरपी सिंह, दलीप कुमार, रुक्मिणी देवी, सुषैन बाबू शर्मा, डा. ओपी त्यागी, सचिन कुमार, ललित शर्मा, सोनू कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# तंबाकू का सेवन शारीरिक एवं मानसिक रूप से हानिकारक : बिशन लाल



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में तंबाकू निषेध कार्यक्रम प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं हिन्दी प्रवक्ता चंद्रहास सिंह के संचालन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने मद्य निषेध पर कहा कि तंबाकू का सेवन हमारे शारीरिक एवं मानसिक रूप से हानिकारक है। मादक पदार्थों जैसे सिगरेट, तंबाकू, शराब आदि के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो जाती है। साथ ही हमारे शरीर में और भी अनेकों बीमारी हो जाती है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, करन वीर, डॉ. सुनील कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह आदि ने संबोधित किया।

# समाधान दिवस में 31 शिकायतें दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और तहसीलदार अमरपाल सिंह ने फरियादियों को सुना। संपूर्ण समाधान दिवस में 31 शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निष्पक्ष जांच कर एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा सहित राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।


दीपावली व गंगा स्नान की हार्दिक बधाई



डॉ. अशोक कुमार
स्काई हेल्थ सेंटर
निकट प्रीतम सिंह द्वार, मंडावर







# दीपावली की पूर्व संध्या पर लाइटों और दीपों से जगमगाया क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** दीपों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही नगर व क्षेत्र पूरी तरह रोशनी से नहा उठा। दीपावली की पूर्व संध्या पर नगर की गलियां, बाजार और घर रंग-बिरंगी लाइटों और दीपों से जगमगाते नजर आए। नागरिकों ने अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटों, झालरों, रंगोली और फूलों से सजाकर उत्सव का माहौल बना दिया। शाम ढलते ही पूरे नगर में मानो रोशनी की बरसात सी हो गई।

मोहल्लों में बच्चों ने मिट्टी के दीपक जलाए, वहीं महिलाओं ने घर के आंगन में सुंदर रंगोली बनाकर देवी लक्ष्मी के स्वागत की तैयारी की। मिठाई की दुकानों पर भी सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही। लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ और उपहार देकर शुभकामनाएँ देते नजर आए। वहीं, नगर के सनातन धर्म हिन्दू इण्टर कालेज के मैदान में लगे पटाखा बाजार में भी भारी भीड़ देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी लोग पटाखे, अनार, फुलझड़ी, रॉकेट और विभिन्न आतिशबाजी सामग्री खरीदने पहुंचे। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। आज शाम क्षेत्र में धूमधाम से दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। लोग माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।



# खादी महोत्सव 2025 के तहत पांच दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पूरे देश में चल रहे खादी महोत्सव 2025 के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा नगर में एक विशाल पांच दिवसीय खादी प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया।

यह प्रदर्शनी के अंतिम दिन रविवार को प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ सत्यवीर सिंह चौहान जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, मुरादाबाद एवं अरून कुमार प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, ठाकुरद्वारा शाखा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

उन्होंने खादी को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए इसके उत्पादों के उपयोग एवं स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में विभिन्न खादी संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए खादी वस्त्र, हथकरघा उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन तथा अन्य स्वदेशी सामग्रियों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित व बिक्री के लिए रखी गई, जिसने आगंतुकों का खूब ध्यान आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में खादी संस्थाओं के सचिव राहुल चौहान, गौरव विश्नोई, विनीत चौहान, सचिन कुमार, गौरव चौहान, अरुण चौहान, मयंक कुमार, हर्ष विश्नोई सहित अनेक खादी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# भाजपा जुबान से स्वदेशी, मन से विदेशी

## अबकी बार डिप्टी सीएम पोस्टर से बाहरः अखिलेश यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बड़ा हमला करते हुए कहा है कि भाजपाई मुख से स्वदेशी है और मन से विदेशी है। उन्होंने नया नारा देते हुए कि यूपी में इस बार पोस्टर से डिप्टी सीएम बाहर है। दीपावली के पर्व पर अपने पैतृक गांव सैफई पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सैफई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जुबान से स्वदेशी हैं, लेकिन मन से विदेशी है।

अखिलेश यादव ने नए नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अबकी बार डिप्टी सीएम पोस्टर से बाहर केवल उप्र में ही नहीं, बल्कि देश के उन सभी क्षेत्रों में भी लागू है, जहां पोस्टर लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि किसी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्हें दक्षिण भारत का पोस्टर भेजा था, वह भी पोस्टर से बाहर है। उन्होंने दीपावली की मौजूदा स्थिति का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले लोग सोने-चांदी के उपहार देते थे, लेकिन अब एक सिक्का खरीदना भी मुश्किल हो गया है। लोग दीया जलाने में लगे हैं, लेकिन दीया खरीदने की हैसियत नहीं रखते। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे दीया जलाने वाले मुख्यमंत्री को दक्षिण भारत से सीखना चाहिए, क्योंकि वहां बड़ी-बड़ी कंपनियों को निवेश के लिए लाया जा रहा है। उप्र में निवेश न आने पर उन्होंने सवाल उठाया।

उनका कहना था कि सबसे ज्यादा प्रोफेशनल लोग और तेज़ कार्य क्षमता वाले लोग यूपी में हैं, फिर भी बड़ी कंपनियां यहां नहीं आ रही हैं। इसका कारण भाजपा की नेगेटिव और रूढ़िवादी सोच है। उन्होंने गूगल मैप और इंटरनेट का उदाहरण देते हुए कहा कि निवेशकों को पता लग गया है कि यहां 5 प्रतिशत कमीशन चलता है, इसलिए बड़ी कंपनियां यूपी में नहीं आ रही हैं और निवेश दक्षिण भारत की ओर जा रहा है। अखिलेश यादव ने बिहार चुनाव और स्टार प्रचारक पर भी टिप्पणी की। उनका कहना था कि बिहार सांप्रदायिक लोगों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। जो स्टार प्रचारक हैं, वे सफल नहीं होंगे। ये स्टार प्रचारक नहीं, बल्कि विभाजनकारी लोग हैं और बिहार कभी इन्हें स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे बहुत बहादुर नहीं हैं। साथ ही भाजपा सरकार के नौ साल के कार्यकाल में महंगाई बढ़ने, निवेश न आने और रोजगार के कम होने पर भी सवाल

उनका कहना था कि भाजपा को यह सोचने की जरूरत है कि लगातार सरकार चलाने के बावजूद आज अर्थव्यवस्था कहां पहुंची है। अखिलेश यादव ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले लोग एक-दूसरे को सोने-चांदी के उपहार देते थे, लेकिन अब गरीब परिवार के लिए यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर गरीब परिवार में कोई शादी हो, तो भी जरूरी सामग्री खरीद पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग दावा करते हैं कि महंगाई कम होगी, निवेश आएगा और रोजगार बढ़ेगा, लेकिन नौ साल के कार्यकाल में जनता को इसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने जनता से अपील की कि घूम जो खा रहे हैं, वह सब विदेशी हैं और मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि स्वदेशी अपनाओ। सपा मुखिया अखिलेश यादव रविवार को लखनऊ से सैफई करीब साढ़े 4 बजे पहुंचे और उसके बाद पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता की। प्रदेश भर से बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता भी सैफई में उनसे मिलने पहुंचे। सोमवार को सुबह 10 बजे वह पार्टी कार्यालय पर दीपावली के पर्व पर लोगों से मुलाकात करेंगे और शुभकामनाएं देंगे।

## सपा मुखिया अपना मानसिक संतुलन को बैठेः मुकेश राजपूत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** उप्र में फर्रुखाबाद जिले से भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) सांसद मुकेश राजपूत ने आरोप लगाया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अपना मानसिक संतुलन को बैठे क्योंकि वह कभी शिव भक्तों की आतंकवादियों से तुलना करते हैं तो कभी मुख्यमंत्री को घुसपैठिया बताने लगते हैं और कभी उन्हें गौशालाओं से गोबर की बदबू आने लगती है,

ऐसे में सपा मुखिया को अपना मानसिक संतुलन का इलाज करना चाहिए। श्री राजपूतने आज मध्यान्ह फर्रुखाबाद शहर की ठंडी सड़क स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में जीएसटी की दरे कम होने से समाज के सभी वर्गों के लोगों को लाभ मिला है। श्री राजपूत का मानना है कि जीएसटी के कम होने से एक ओर मैन्युफैक्चरर, तो दूसरी और थोक विक्रेता, फुटकर विक्रेता सभी लाभान्वित हुए वहीं बेरोजगारों को रोजगार के अवसर भी मिले हैं। अयोध्या में 28 लाख दीए जलाकर मुख्यमंत्री दीपावली मनाएंगे जो सनातन धर्म परंपरा को मजबूत करने का ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने जिला प्रशासनएवं पुलिस से दीपावली त्यौहार में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुरोध किया साथ ही आम नागरिकों से शांत सद्भाव के वातावरण में परस्पर दीपावली का त्योहार मनाने की अपील की।

# फतेहपुर के पटाखा बाजार में लगी भीषण आग

### आग लगते ही पूरा इलाका धमाकों से गूंजा, 80 से अधिक दुकानें खाक, दमकल ने पाया काबू, एटा में पटाखा गोदाम में धमाका, चार दुकानें धराशायी, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फतेहपुर/एटा।** फतेहपुर जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। आग लगते ही पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा।

जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय मौके पर सिर्फ एक छोटी दमकल की गाड़ी और खरीदारों की भीड़ एकत्र थी। पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। इस दौरान लगभग लाखों का पटाखा स्वाहा हो चुका था। अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है। इधर-उधर भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। धमाके और धुंए के चलते हाईवे किनारे लोगों की भीड़ लग गई। इससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर सीओ सिटी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां भी पहुंचने लगी, लेकिन तब तक 60 फीसदी दुकानें जलकर खाक हो चुकी थी। आग पर करीब डेढ़ घंटे के बाद काबू पाया जा सका। पटाखा बाजार के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन के तारों को लेकर भी लोगों में दहशत रही। आग की चपेट में आकर कई दो पहिया वाहन भी जल गए। हालांकि अभी तक घायलों के बारे में प्रशासन कुछ नहीं बता पा रहे है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम का जायजा लिया। हादसे में कई बाइक के जलने की खबर है लेकिन यहां किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दूसरी और सूत्रों का दावा है कि यहां पटाखा खरीदने आए लगभग आधा दर्जन लोग झुलस गए हैं जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में दाखिल कराया गया है। प्रशासन यहां घटना की जांच कर रहा है। वहीं एटा के बागवाला चौराहे के पास पटाखा गोदाम में रविवार को तेज धमाका हो गया। इससे चार दुकानें धराशायी हो गईं। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। चार लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई गई है। मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है। दमकल की टीमें लपटों पर काबू पाने में जुटी हैं। बागवाला चौराहे से आसपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर पटाखा गोदाम बना हुआ था।

## साड़ियों के शोरूम में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उप्र में वारणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के भदैनी-अस्सी मार्ग पर रविवार को एक साड़ी के शोरूम में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवागमन रोक दिया। दमकल की कई गाड़ियों की मदद से अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। शोरूम में रखे दफ्ती के बक्सों के कारण भारी मात्रा में धुआं फैल गया, जिससे आग बुझाने में काफी परेशानी हुई।

# जगुआर गाड़ी ने 10 लोगो को रौंदा, 2 की मौत, 8 घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में रविवार को धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर इलाके में एक कार चालक ने तेज गति से गाड़ी चलाकर एक ही परिवार के दो लोगों को कुचल दिया। स्थानीय व्यापारी ने करोड़ो की जैगुआर कार खरीदी उस कार को इतनी स्पीड में चलाया की उसके संभालते कार नहीं सम्भली और लोगों को रौदते हुए चली गई।

दिवाली के लिए सध्कों पर लोग ध्रीदारी कर रहे थे इसी दौरान हादसा घट गया। सात लोगों के बीच में दो लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि है। बाकी की हालत नाजुक बताई जा रही है। मौके पर भारी मात्रा में पुलिस मौजूद है। घटना के बाद से जनता का आक्रोश बढ़ता नजर आ रहा है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। दरअसल, दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार में काफी भीड़ थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने अचानक नियंत्रण खो दिया। पहले उसने आगे जा रही 3 गाड़ियों को टक्कर मारी।

इसके बाद लोगों को रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चला रहा युवक स्थानीय दुक. ानदार का भतीजा है। वह अकेले गाड़ी चला रहा था। कार की स्पीड काफी ज्यादा थी। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। लोगों ने जगुआर कार में तोड़-फोड़ कर दी। गुस्साए लोगों ने राजरूपपुर चौराहे पर रोड जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की। परिजनों ने मृतकों का पोस्टमॉर्टम कराने से इन्कार कर दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारी लोगों को शांत कराने में जुटे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो लोगो मौत हुई है जबकि 8 लोग गंभीर रूप से जख्मी हालत में प्रयागराज के एसआरएन हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। कुछ की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। पुलिस स्थिति को नियंत्रित कर यातायात बहाल करने की कोशिश में लगी हुई है।

# पोते ने जमीन विवाद में दादी की ईट मारकर की हत्या, आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उप्र के बहराइच जनपद के दरगाह थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब एक युवक ने जमीन बेचने और पैसों की मांग को लेकर अपनी 72 वर्षीय दादी की ईंट से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पोते को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सलारगंज इलाके की रहने वाली शाहजहां (72) अपने पोते इरफान (32) के साथ रहती थीं। उनके बेटे मुन्ना का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया था।

शनिवार को इरफान ने दादी पर जमीन बेचकर पैसे देने का दबाव बनाया। जब शाहजहां ने जमीन बेचने से इंकार किया, तो गुस्से में इरफान ने पास में रखी ईंट उठाकर उनके सिर पर कई वार कर दिए।

गंभीर रूप से घायल शाहजहां को स्थानीय लोगों ने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण संपत्ति विवाद और पैसों की मांग सामने आई है। आरोपी इरफान नशे का आदी है और घटना के समय नशे में होने की भी आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

**प्रतापगढ़।** उप्र मे प्रताप गढ जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक भूकर ने आज रविवार को अपनी पत्नी संग वृद्धाश्रम पहुंचकर मनाई बुजुर्गों संग दिवाली मनायी ,एसपी और उनकी पत्नी अदिति मोर( आईआरएस) ने बुजुर्गों के साथ दीवाली की खुशियां साझा की और वृद्धाश्रम में मिठाई व उपहार बांटकर बुजुर्गों सेआशीर्वाद लिया,उपहार व मिठाईयां पाकर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर एसपी दीपक भुकर ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की नींव है।

# आनंदीबेन व योगी ने प्रकाशपर्व दीपावली पर दीं प्रदेशवासियों को बधाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाशपर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से उनकी सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है।

रविवार को जारी एक शुभकामना संदेश में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज के शुभ अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन और रामराज के शुभारम्भ की स्मृति स्वरूप आज से हजारों वर्ष पहले पूरे भरतखण्ड में श्रद्धालुओं द्वारा दीपमालाओं से अपने-अपने घरों को सजा करके इस पर्व को मनाना प्रारम्भ किया गया। श्री योगी ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या उप्र में है। राज्य सरकार अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परम्परा को 'दीपोत्सव' के आयोजन के माध्यम से पुनर्प्रतिष्ठित कर, सम्पूर्ण विश्व समुदाय को अयोध्या की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है। श्रीमती पटेल से प्रदेश के मंत्रिगण, गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें बधाइयां दी। राज्यपाल से मिलकर बधाई देने वालों में प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, निदेशक पीजीआई पद्मश्री प्रो आरके धीमन, कुलपति केजीएमयू पद्म श्री प्रो सोनिया नित्यानंद, निदेशक आईआईएम कोलकता प्रो आलोक राय, विश्व. विद्यालयों के कुलपतिगण, राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, उम्मीद संस्था से बलवीर सिंह मान व संस्था के बच्चे तथा पत्रकार बन्धु सहित बघी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे।

# छठ घाट पर इक्कतीस हजार दीपों का दीपोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उप्र के कुशीनगर में रामनगरी श्री अयोध्याधाम के ऐतिहासिक दीपोत्सव से प्रेरणा लेकर नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने छह वर्ष पूर्व एक ऐसा संकल्प लिया था। जिसने आज पूरे नगर की पहचान बना दी है।

उन्होंने मानस कॉलोनी स्थित श्री बुढ़िया माता मंदिर परिसर में नवनिर्मित छठ घाट पर दीपोत्सव मनाने की परंपरा की शुरुआत की थी। अब यह आयोजन अपने छठे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और इस बार इसे और अधिक भव्यता एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित कराया गया है। 31,000 दीपों से प्रज्ज्वलित इस छठ घाट की झलकियां हजारों लोगों के मन को लुभा रही हैं। वर्षों पहले जब अयोध्या में दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ।

तब नगर अध्यक्ष विनय जायसवाल ने यह सपना देखा था कि पडरौना में भी ऐसा आयोजन हो। जिससे नगरवासियों में धार्मिक और



सांस्कृतिक चेतना का संचार हो सके। उन्होंने इस विचार को साकार करते हुए छठ घाट पर दीपोत्सव की नींव रखी। जो अब पडरौना की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। स्थानीय नागरिकों ने इस आयोजन को नगर की गौरवशाली परंपरा बताते हुए कहा कि छठ घाट पर दीपोत्सव अब सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एकता, आस्था और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बन चुका है। हर आयु वर्ग के लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि दीपोत्सव केवल दीये जलाने का पर्व नहीं है।

## गंगा स्नान करने गई तीन लड़कियों की डूबने से मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गाजीपुर।** उप्र में गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र में गंगा स्नान करने गईं तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस की ओर से रविवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार रमजनपुर निवासी तीन युवतियां पुनम (19) रोली (16) राजदेव यादव और खुशी (12) सहित करीब सात महिलाएं सुबह गंगा स्नान के लिए अमवा घाट पर पहुंची। स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चली गई। एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में सातों डूबने लगी। पास के खेत में परवल की बुआई कर रहा बलराम निषाद ने महिला सहित चार लोगों को बचा लिया लेकिन पुनम, रोली और खुशी गहरे पानी में डूब गई।

# चित्रकूट में दीपावली मेला शुरू

### 7 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर कामदगिरि की परिक्रमा लगाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** उप्र के पौराणिक एवं ऐतिहासिक तीर्थ स्थल चित्रकूट जहां प्रभु श्री राम ने अपने वनवास के साढे 11 वर्ष बिताए थे में आज प्रातध काल से छोटी दीपावली मे 7 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाकर कामदगिरि की परिक्रमा लगाई उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी परिक्रमा मार्ग पर लाल कारपेट बिछायी है श्रद्धालुओं ने दी गई सुविधा के लिए मुख्यमंत्री की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि श्रद्धालुओं की यह संख्या कल बढ़कर 20 से 25 लाख तक हो जाएगी और दीपावली के दिन यह संख्या 40 लाख से भी ऊपर पहुंच. ाने की संभावना व्यक्त की गई है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल महिला पुलिस बल चार मेला स्पेशल ट्रेन 200 अतिरिक्त बसें के अतिरिक्त पूरे मेला क्षेत्र को 6 जोन में बांटा गया है जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा और बेहतर सेवा के तमाम सारे इंतेजामत विभिन्न विभागों को सौंप गए हैं जिलाधिकारी शिवशरण अप्पा और पुलिस अधीक्षक ए के सिंह लगातार मेला क्षेत्र में अपनी पूरी टीम के साथ निरीक्षण करने में लगे हैं। पूरे मेला क्षेत्र को तमाम सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के साथ सजाया भी गया है चार गेट बनाए गए हैं और 20 से अधिक पार्किंग स्थल भी बनाए गए हैं।

### क्रिकेट प्रेमियों ने सजाया दीपो से स्टेडियम

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में धनतेरस के दिन शनिवार की रात में शहर के मदन मोहन स्टेडियम में शहर भर के खिलाडियों ने मनाई अपने खास अंदाध में दीवाली ,प्रकाश के इस पर्व पर जब पूरे स्टेडियम को 8 हघर 500 दीपों से सजाया गया तो लगा मानो पूरा स्टेडियम रोशनी में नहा लिया हो।

# अघोरी की रिश्तेदार ने की धारदार हथियार से हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रायबरेली।** उप्र के रायबरेली के सलोन इलाके में एक बंगाली अघोरी की उसके ही बंगाली तांत्रिक रिश्तेदार ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि सलोन इलाके के नगर के रहन. ेवाले एक बंगाली अघोरी तांत्रिक की तंत्र मंत्र की क्रिया में हुए विवाद के कारण धारदार हथियार से शनिवार देर रात हत्या कर दी जिसकी सूचना मृतक अघोरी की पत्नी द्रुपदी ने पुलिस को दी है। वादी की तहरीर पर पुलिस ने उसके तांत्रिक रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया मृतक का नाम मोहननाथ अघोरी (55) है और वह मुर्तजा नगर में अपनी पत्नी द्रुपदी अघोरी (55) के साथ रहता था और तंत्र मंत्र का काम करता था। मोहननाथ शाहजहांपुर का रहन. ेवाला था वहीं इसकी पत्नी बंगाल की तांत्रिक थी और इनके रिश्तेदार सुखदेव बंगाली मिठाईवाला और संजय बंगाली मिठाईवाला थे।

इन लोगों में तंत्र मंत्र हवन इत्यादि को लेकर कुछ विवाद हुआ था जिसमें कल देर रात करीब तीन बजे आरोपी सुखदेव और संजय आये और धारदार हथियार से मृतक मोहननाथ पर हमला कर दिया और इस दौरान द्रुपदी अघोरी भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस आलाकत्ल हथियार की तलाश कर रही है जिसकी अभी बरामदगी नही हो पाई है। दोनों गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने किया इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** उप्र के प्रताप गढ जिले में गैंगस्टर एक्ट के अभियोग से संबंधित 25000 रुपये का ईनामिया आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम रोशन पुत्र हरीशचन्द्र है। वह जिले के आसपुर देवसरा थाने के दियांवा गांव का रहने वाला है। पुलिस ने जांच के दौरान थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत खजो. हरी पुलिया के पास से उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त रोशन का अपराधिक इतिहास रहा है उसके खिलाफ प्रताप गढ जिले के विभिन्न थानों में लूट और चोरी के पांच अपराधिक मुकदमे दर्ज है।

# संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय हनुमान जयंती उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** त्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में पांच दिवसीय हनुमान जयंती उत्सव मंगलवार से शुरू हो गया था। महंत बलबीर गिरि के सानिध्य में दक्षिण भारत के 11 ब्राह्मणों सहित 51 पंडितों ने वैदिक विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। उत्सव के पहले दिन गणपति स्थापना के बाद अथर्वशीर्ष हवन और शुद्धि राक्षोघ्न हवन किया गया।

इसमें 1100 लड्डुओं की आहुति दी गई। इसके बाद महाआरती हुई, जिससे भक्तों के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। हनुमान जयंती से एक दिन पहले यानि शनिवार को प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर जोगिदर सिंह ने भी अपनी पत्नी के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उत्सव के तहत मंगलवार को राम तारक मंत्र हवन, बुधवार को महासुदर्शन हवन, गुरुवार को दक्षिणामूर्ति व वास्तु हवन, शुक्रवार को कलश स्थापना व अधिवास हवन हुआ। शनिवार को कलातत्व हवन और महाभिषेक के बाद महाआरती के साथ मुख्य आयोजन संपन्न होगा। इसके बाद आज रविवार को बाघंबरी गद्दी में विजयदुर्गा पूजा की जाएगी। जिसके बाद हनुमान जयंती के अवसर पर आज मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों, झालरों और गुब्बारों से सजाया जा रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे है। और निशान चढ़ाए और बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया।वही महंत बलबीर गिरि ने बताया कि मंगलवार से यह कार्यक्रम जारी है और आज रविवार को हनुमान जयंती पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है हघरों की संख्या में भक्त यहां पहुंच कर हनुमानजी का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, वाहन के दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। थाना मझोला पुलिस ने वाहन के दस्तावेज चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई फाइल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 17 अक्तूबर 2025 को वादी अफाक अहमद पुत्र इस्तकार निवासी देव. बंद, जिला सहारनपुर ने थाना मझोला में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी वाहन से संबंधित दस्तावेजों की फाइल चोरी कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 19 अक्तूबर को चोरी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजू सागर उर्फ खुजली पुत्र राजकपूर सागर निवासी प्रकाश नगर, थाना मझोला,



मुरादाबाद तथा दीपांशू शर्मा पुत्र ब्रजमोहन निवासी चाऊ की बस्ती, सूर्यनगर चौराहा, लाइनपार, थाना मझोला, मुरादाबाद के रूप में हुई है।पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक थैला और एक फाइल जिसमें वाहन के दस्तावेज थे, बरामद की है।थाना मझोला प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या वह किसी अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस ने कहा कि शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त और निगरानी को और अधिक सख्त किया गया है।

# दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधानसभा के रतनपुर कलां मंडल और कुंदरकी मंडल में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह उपस्थित रहे। रतनपुर कलां मंडल का कार्यक्रम राज फॉर्म हाउस गागन तिराहा और कुंदरकी मंडल का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार कुंदरकी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को मिष्ठान, चांदी का सिक्का, दीपक, उपहार और देशी घी देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं प्रदान की।

विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का अनुपम धरोहर है। सभी पार्टी कार्यकर्ता मेरे परिवारजन है, यह एक पारिवारिक आयोजन है जिसमें अपनापन, प्रेम और सौहार्द का संदेश निहित है। एक वर्ष पूर्व आपके द्वारा किए अथक परिश्रम से मिली विजय के बाद में भी पूरी जिम्मेदारी से क्षेत्र के विकास के लिए गया हुआ हूं। विधायक निधि के अलावा अनेकों



योजनाओं से क्षेत्र में विकास कार्य चल रहे है। में जब भी मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री से मिलता हूं, कुंद. रकी के लिए कुछ न कुछ मांग रख देता हूं।

इसी उत्साह और उमंग के साथ आप सभी मेरे परिवारजन ऐसे ही लगे रहे तो में और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य कर पाऊंगा। मां लक्ष्मी से सभी पर असीम कृपा, अमन-चौन और सामाजिक समरसता बने रहने की कामना करता हूं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, मेंहदी हसन, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बिजेन्द्र चौधरी, राजवीर ,बृजेश, यादराम , सोनू ठाकुर, जाहिद , दयाराम, अरविंद ठाकुर, रामकिशोर लोधी, जुली सैनी, संजय दिवाकर, सोनू रस्तौगी, मजलूम पाशा सहित समस्त मंडल कार्यकारणी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी प्रवासी, बूथ अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एक नजर

### विद्यार्थियों ने बनाई सुंदर-सुंदर रंगोली



**कुंदरकी।** अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता अध्यापक श्री कलीम पाशा जी के नेतृत्व में की गई ।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगोली में भरे रंगों के माध्यम से सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी। रंगोली प्रतियोगिता तीन स्पोर्ट हाउसेज के बीच में हुई जिसमें ग्रीन हाउस विजेता रहा। विद्यार्थियों ने दिया डेकोरेशन , सुंदर-सुंदर पेंटिंग्स , कविताएं भी सुनाई। विजेताओं का चुनाव जांच कमेटी के द्वारा किया गया जांच कमेटी में प्रधानाचार्य मोहम्मद अकरम प्रबंधक तस्लीम अहमद तथा अध्यापक कलीम पाशा थे। समस्त स्टाफ ने भी सभी विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रंगोली की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अकरम जी द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

प्रतियोगिता में इरम,उजमा, नवाजिश ,गरिमा, गार्गी सामिया, मानसी ,इशिका, लायबा ,संजना, शिवम ,अर्शी, फकिहा , जमजम, शाजबी,आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया ।अंत में विद्यालय के प्रबंधक सी तस्लीम अहमद जी ने विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि जिस प्रकार उजाला अंधकार को मिटाता है उसी प्रकार आप सभी के जीवन से सारा दुख सारी समस्याएं दूर हो जाए

### एक माह से युवती गायब, बरामद नहीं

चन्दौसी। कोवताली क्षेत्र की लड़की गायब हो गई और घर में रखे 40 हजार रु. भी अपने साथ ले गई लेकिन साथ ले जाने वाले लड़के ने उसे रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया और अब तक लड़की बरामद नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले में बिसौली के रहने वाले एक टैम्पू चालक से पूंछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार, टैम्पू चालक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर युवती से 40 हजार रु. ले लिये और उसे किसी व्यक्ति के हवाले कर दिये। लगभग एक माह बाद भी युवती बरामद नहीं हो पाई है। पुलिस फिलहाल पूंछताछ के जरिये युवती को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

### दीपावली पर स्वच्छता का संकल्प लें, पॉलीथीन का प्रयोग न करें: अखिलेश खिलाड़ी

**चन्दौसी।** दीपावली रोशनी और खुशियों का पर्व है, इसे स्वच्छता और



पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाना चाहिए। नगरपालिका अध्यक्षा के पति एवं समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने नगरवासियों से अपील की है कि पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए तेज ध्वनि वाले पटाखों का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव आनंद और मिलन का त्यौहार है, इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। तेज आवाज वाले पटाखे न केवल प्रदूषण फैलाते हैं, बल्कि कई बार दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाते हैं। विशेष रूप से हृदय रोगियों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों के लिए यह अत्यंत हानिकारक होते हैं। समाजसेवी खिलाड़ी ने कहा कि माता लक्ष्मी की पूजा के इस पर्व को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि छोटे बच्चों को पटाखे जलाते समय विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि 'जहाँ असावधानी हटी, वहाँ दुर्घटना घटी' की कहावत इस समय पूरी तरह लागू होती है। साथ ही लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की भी बात कही। अखिलेश खिलाड़ी ने नगरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सब लोग मिलजुलकर प्रेम, सद्भाव और स्वच्छता का संदेश फैलाएँ ताकि यह पर्व वास्तव में 'दीपों का उत्सव' बन सके।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में धर्मवीर को 20 वर्ष की सजा

■ सहयोगी यशपाल को पांच वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने अभियुक्त धर्मवीर को 20 वर्ष के कारावास एवं 59 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, सहअभियुक्त यशपाल को पांच वर्ष के कारावास के साथ छह हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक आदित्य सिंह ने बताया कि थाना धनारी क्षेत्र के गांव गुरेठा घेर निवासी धर्मवीर का वादी के घर आना-जाना था। इस दौरान उसने वादी की 15 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और 21 मई 2019 को उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस कार्य में गांव के ही भूपेन्द्र ने सहयोग किया। किशोरी अपने साथ घर से करीब ढाई तोला सोना, चांदी के जेवर और 22 हजार रुपये नकद भी ले गई थी। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची का पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। लगभग 25 दिन बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि धर्मवीर को यशपाल ने भी सहयोग किया था। मामले की विवेचना पूरी होने पर पुलिस ने धर्मवीर और यशपाल के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में आरोपपत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर अदालत ने दोनों अभियुक्तों को उपरोक्त सजा सुनाई।

# चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम की 100 फीट लंबी रंगोली बनाकर दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज का परिसर आस्था और सृजनशीलता के रंगों से निखर उठा। यहां छात्र-छात्राओं ने मिलकर अयोध्या में स्थित भव्य श्रीराम मंदिर एवं भगवान श्रीराम की 100 फीट लंबी रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया। इस अनोखी रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को यह संदेश दिया कि हम सब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि के निवासी हैं और हमें उनके आदर्शों, मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा देने के लिए प्रेरित होना चाहिए।रंगोली निर्माण में ध्रुव यादव, अंश, समृद्धि कौशिक, देवांश, वंश, केशव, प्रिंस, अभिषेक, यश और दीपक सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली में भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाया गया, जिसमें अयोध्या धाम, राम दरबार और दीपों से सजे मंदिर का अद्भुत दृश्य उपस्थित किया गया। विद्यार्थियों ने पीले, लाल, नीले और हरे रंगों के मिश्रण से रंगोली को जीवंत रूप दिया, जो देखते ही बनता था।रंगोली निर्माण का निर्देशन कला शिक्षक डॉ. नवनीत



गोस्वामी ने किया। उन्होंने बताया कि इस रचना का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपरा के प्रति श्रद्धा भाव विकसित करना है। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल कला को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना भी जागृत करते हैं।

# आईएफटीएम में अत्यंत उत्साह के साथ मनाई गई दिवाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ दिवाली का पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं स्कूल की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने सभी स्टाफ मेंबर्स को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिवाली खुशियों का पर्व है। भगवान श्री रामचंद्र जी द्वारा लंकापति रावण का वध तथा लोगों को आसुरी शक्तियों से मुक्त करने के पश्चात् उनकी अयोध्या वापसी से अभिभूत होकर पूरी अयोध्या नगरी को दियों से सजाया गया था, दिवाली पर्व इसी का प्रतीक है तथा तभी से प्रत्येक वर्ष दिवाली मनाने की परम्परा शुरू हुई। वहीं स्कूल की निदेशिका डॉ. अग्रवाल ने इको फ्रेंडली दिवाली मनाने के प्रति सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी के लिए सुख समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुलकर शिक्षण और शोध कार्य में अपना श्रेष्ठ योगदान दें। उन्होंने दिवाली के महत्व और विश्वविद्यालय के भीतर समुदाय और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देने में ऐसे समारोहों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खुशी और उल्लास लाते हैं,



बल्कि संकाय और कर्मचारियों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। दिवाली पूजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सक्सेना, डॉ. हिमांशु गुप्ता समेत स्कूल के सभी विभागों के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यकमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें समस्त स्टाफ ने बेहतरीन रंगोली बनाई तथा जीवंत रंगों और लयबद्ध धुनों के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। अंत में डॉ. स्वाती राय ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डीएम व एसपी ने किया पैदल मार्च



**चन्दौसी।** धनतेरस, दीपावली, भैयादूज एवं गोवर्धन पर्व को लेकर नगर में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने नगरपालि. का क्षेत्र चन्दौसी में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। अधिकारियों का यह मार्च फव्वारा चौक से आरंभ होकर मुरादाबाद गेट, बड़ा बाजार, पसरट्टा, सर्राफा बाजार होते हुए घण्टाघर तक निक. ाला गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मार्ग में दुकानदारों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता व यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबंधन के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चन्दौसी धर्मराज सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस का एक्शनः शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 19 लोग हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 19 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। इन सभी व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा सं. हता-2023 की धारा 170/126/135 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया।हिरासत में लिए गए व्यक्तियों में थाना कटघर क्षेत्र से 03, थाना मझोला से 07, थाना कांठ से 07 और थाना छजलैट क्षेत्र से 02 व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इन सभी पर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका थी, इसलिए उन्हें समय रहते हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपदीय पुलिस लगातार सघन चेकिंग, गश्त और निगरानी अभियान चला रही है ताकि दीपावली पर्व एवं आगामी त्योहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गति. विधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने या पुलिस हेल्पलाइन पर दें ताकि जिले में अमन-चौन और सुरक्षा की भावना बनी रहे।

# ब्राह्मण महिला सभा ने सत्य नारायण मंदिर में मनाया गया दीप उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा के तत्वाधान में रविवार को स्टेशन रोड स्थित सत्यनारायण मंदिर में दीप उत्सव पर्व मनाया गया। नगराध्यक्ष उर्मिला शर्मा की अध्यक्षता में सभा के समस्त सदस्यों ने मिलकर दीपावली पर्व पर मंदिर में भगवान श्रीगणेश एवं मां लक्ष्मी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए और प्रसाद लगाया। महामंत्री रंजना शर्मा ने बताया कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात कार्तिक मास की अमावस्या को अयोध्या लौटे तब अयोध्यावासियों ने प्रभु श्रीराम मां सीता ओर लक्ष्मण का स्वागत घी के दीपक जलाकर किया था। तब से सनातन धर्म में घर-घर दिवाली मनाई जाती है। साथ ही इस पर्व के अवसर पर सबके घर-घर साफ सफाई की जाती हैं ताकि मां लक्ष्मी सब पर अपनी कृपा बनाये रखें और सबको खुशहाल रखें। ब्राह्मण महिला सभा प्रत्येक वर्ष दीपावली पर्व पर मंदिर में जाकर दीप उत्सव धूमधाम से



मनाते हैं। आज इस अवसर पर सत्यनायराण मंदिर के पंडित पीयूष शर्मा को शाल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, मीरा दुबे, सुधा शर्मा, स्वर्णलता दीक्षित, सरोज शर्मा, रेखा शर्मा, शंकुलतला शर्मा, ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने ओर संचालन रंजना शर्मा के द्वारा किया गया।

# धनतेरस पर मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**चन्दौसी।** धनतेरस के पावन पर्व पर डॉ भीमराव अंबेडकर कल्याण समिति की तरफ से सत्र 2024-25 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजस. ेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ीएवं विशिष्ट अतिथि देवी सिंह, राजेंद्र वर्मा, ममता रानी, महानंदन गौतम, प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी के द्वारा नाजिश एवं प्रतिज्ञा गौतम को साइकिल देकर सम्मानित किया गया तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रिंस, अवनेश, जुनेद, वंदना, रमसा, इरम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकों ने अपने विचारों



से सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। स्कूल संचालक महानंदन गौतम, प्रबंधक ममता रानी मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने सभी स्कूल के शिक्षकगण एवं स्टाफ को मिष्टान्न एवं पुरस्कार देकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष देवी सिंह ने की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक प्रवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी, नीरज कुमार शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, शिवगणेश शर्मा, रंजीत सिंह, अश्विनी शर्मा, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, आभा रानी, आरती सिंह, दुर्गेश, नंदिनी, काजल, रंजीत कौर, गीता, श्याम सिंह, संजीव आदि उपस्थित रहे।

# भोजपुर में मारपीट और धमकी का मामला

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई संजीव और उनकी पत्नी ममता आये दिन घर पर उसकी बड़ी माता के साथ गलत व्यवहार करते हैं। इस वजह से उसकी माता उसके गांव में आकर उसके घर पर रहने लगीं। पीड़ित महिला ने बताया कि शुक्रवार को उसका भाई संजीव और पत्नी ममता लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस गए और उसकी बहन पिक्की और बहनोई योगेश को गालियां देने लगे। उन्होंने लाठी-डंडों से पीटा और मोबाइल भी तोड़ दिया। जब उन्होंने चीखपुकार मचाई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि आरोपी संजीव और ममता आए दिन उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

# कार में गैस रिफिलिंग करते समय लगी भयंकर आग

■ गैस डालने वाला बुरी तरह से झुलसा, तीन कारें जली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** छोटी दीपावली पर रविवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। कस्बे की गुलशन नगर बस्ती में ईको कार में गैस रिफिलिंग करते समय आग लग गई, जिसमें रिफिलिंग करने वाला टू झुलसा ही तीन इको कारें भी जल गईं, कारों में आग लगते ही बस्ती में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

पिछले कई सालों से कस्बे की गुलशन नगर बस्ती में विशाल किराना स्टोर के स्वामी जितेन्द्र उर्फ छोटे लाल वाहनों में गैस रिफिलिंग करता आ रहा था, रविवार को भी गैस डलवाने के लिए कई ईको कारें वहां पहुंची थीं, जितेन्द्र उर्फ छोटे लाल दोपहर के समय रोड पर ही अपनी दुकान के सामने उनमें गैस रिफिलिंग कर रहा था कि किसी तरह उसमें आग लग गई, जो धमाके के साथ दूसरी कार, फिर तीसरी कार में भी आग लग गई। कारों से उठती लपटों से समूची बस्ती में हड़कंप मच गया। पहले तो बस्ती के लोगों ने अपने-अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने की को. शिश की, लेकिन आग बुझने के बजाए और तेजी पकड़ती गई।

किसी ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी, जिस पर आनन-फानन पहुंची फायर बिग्रेड कर्मियों ने पानी की बौछार से आग पर काबू पाया। कारों से उठती आग की चपेट में आकर गैस रिफिलिंग करने वाला दुकानदार भी झुलस गया। वाहनों में गैस डालने का अवैध कारोबार पिछले कई सालों से चल रहा है, जिसकी न तो फायर बिग्रेड को भनक लग सकी और न ही चौकी पोलिस को। बस्ती के लोगों ने बताया कि जब कभी भी इसका विरोध किया जाता था तो यह लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाता था।

गैस रिफिलिंग करने वाले जितेन्द्र उर्फ छोटे लाल की पत्नी कल्पना ने बताया कि वह कहीं चले गए हैं। फायर बिग्रेड कर्मियों के साथ ही घटना स्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आरोपी के घर से 19 सिलेण्डर भी बरामद किए हैं जिनमें कुछ खाली थे और कुछ भरे थे।

### मोटी कमाई का है यह कारोबार

कहने को तो तहसील क्षेत्र में अग्नि शमन केंद्र की स्थापना की जा चुकी है, लेकिन यह विभाग इस मामले में बहुत ही लापरवाह है। विभाग का काम सिर्फ और सिर्फ आग बुझाना रह गया है, कहां गैस का अवैध कारोबार हो रहा है इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

वर्तमान समय में दीपावली का पर्व चल रहा है, इस विभाग को पटाखा बेचने वालों को लाइसेंस बनवाने के लिए अपनी जांच आख्या देनी होती है, जिसमें बेचारा विभाग पूरी मेहनत और लगन से लगा हुआ है।

### कोतवाली में जमा किए सिलेण्डर

गैस रिफिलिंग करने वाले के घर से बरामद किए गए सभी 19 सिलेंडरों को कोतवाली पुलिस लाकर जमा कर दिया गया है। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक किसी के खिलाफ कोई भी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी थी।

### कस्बे में कई जगह होता है यह धंधा

वाहनों में गैस रिफिलिंग करने का यह कारोबार सिर्फ यहीं गुलशन नगर में नहीं हो रहा है, यह कारोबार कस्बे के साथ ही आसपास के गांव में भी होता है, जिसकी भनक पुलिस के साथ ही विभाग को भी है, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूरी होती है।

## एक नजर

# भाभी से अश्लील बातों का विरोध करने पर दबंग देवर ने चाकू से किया हमला, उंगली कटकर अलग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षत्र के गांव ज्योरा मकरंदपुर के रहने वाले कमलेश कुमार की भावी को लेकर गांव का ही एक दबंग दो दिन पहले अश्लील बातें कर रहा था, जिसका उसने विरोध किया। विरोध किए जाने पर दबंग ने कमलेश कुमार के साथ गन्दी-गन्दी गालियां देने के साथ ही चाकू से हमला कर दिया। अपने को कमलेश ने चाकू से बचाया जिसपर चाकू उसके हाथ में लगा, जिससे उसके एक हाथ की एक उंगली कटकर अलग जाकर गिरी।

कटी उंगली लेकर कोतवाली पहुंचे कमलेश कुमार को पुलिस ने तत्काल ही नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने अलग हुई उंगली के जुड़ने से साफ इंकार कर दिया। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद रविवार को तहरीर लेकर कोतवाली पहुंचे कमलेश कुमार ने घटना की नामजद तहरीर पुलिस को देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

# उर्स ए बशीरी व मंजूरी का पोस्टर हुआ जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** 79वें सालाना दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का पोस्टर रविवार को जारी कर दिया गया। पोस्टर जारी होते ही दरगाह शरीफ पर उर्स की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दो रोजा उर्स 16 व 17 नवम्बर को आयोजित होगा।

यहां नगर के मोहल्ला शेखूपुर में आस्ताने आलिया मंजूरिया जामिया गौसिया बशीरी उलूम में 79वां सालाना दो रोजा उर्स 16 17 नवम्बर को आयोजित होगा। रविवार की सुबह दरगाह कमेटी ने दो रोजा उर्स ए बशीरी व मंजूरी का पोस्टर जारी कर दिया। उर्स के तमाम कार्यक्रम सज्जादानशीन सय्यद फैजी मियां की निगरानी में होंगे। पोस्टर जारी होने के दौरान मौलाना सय्यद नूरी मियां, सय्यद सिब्तैन मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, मौलाना मोहम्मद आरिफ रजवी, मौलाना हसन रजा मरकजी, कारी मुहम्मद ताहिर फैजानी, हाफिज चांद बाबू, हाफिज अनीस, कफील नेता, फैजुल मुस्तफा, मौलाना रफीकुल कादरी आदि मौजूद रहे।

# बाजार से गायब हुई तीन वर्ष की बच्ची खोजकर पुलिस ने परिवार से मिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को दोपहर एक तीन वर्षीय बच्ची कस्वे के सीमा बाजार में लावारिश हालात में मिली। जिसकी सूचना व्यापारियों द्वारा थाना शीशगढ़ पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मिशन शक्ति प्रभारी एस आई काजल कौशल अपनी टीम के हेड कॉन्स्टेबल प्रदीप चौधरी,महिला कर्मी शबनम, भावना मौके पर पहुंची। उनके द्वारा बच्ची को कब्जे में लेकर कस्वा शीशगढ़ के मोहल्लों में जगह-जगह बच्ची को दिखाते हुए परिवार को तलाश करने का प्रयास किया।

मासूम बच्ची अपने माता पिता का नाम भी नहीं बता पा रही थी इसी दौरान बच्ची के पिता इमरान व माता सना निवासी मदनापुर अपनी बच्ची को ढूंढते हुए बाजार में मिले।बच्ची उन्हें देखकर चिपक गई तथा अपनी बच्ची का नाम हुमैरा बताया।जिसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसके माता पिता को सौंप दिया।

उन्होंने बताया कि बाजार में भीड़ होने के कारण बच्ची उनसे बिछड़ गई थी। बच्ची को पाकर माता पिता के चेहरे खिल गए अपनी बच्ची को सकुशल पकड़ उन्होंने पुलिस को धन्यवाद किया।

# चतुरमुखी दीप जलाकर मनाई गई नरक चतुर्दशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** दीपावली पर्व के ठीक एक दिन पहले मनाई जाने वाली नरक चतुर्दशी को छोटी दीवाली, रूप चौदस और काली चतुर्दशी भी कहा जाता है। मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के विधि-विधान से पूजा करने वाले व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है।

नरक चतुर्दशी के दिन चतुर्मुखी दीप का दान करने से नरक भय से मुक्ति मिलती है। चार मुख (चारलौ) वाला दीप जलाकर इस मंत्र का उच्चारण करना चाहिये।

**"दत्तो दीपश्वचतुर्देश्यां**
**नरकप्रीतये मया।**
**चतुर्वर्तिसमायुक्तः**
**सर्वपापापनुत्तये "**

नरकचतुर्दशी के दिन नरक के अभिमानी देवता की प्रसन्नता के लिये तथा समस्त पापों के विनाश के लिये चार बत्तियों वाला चौमुख दीप जलाना चाहिए। इस दिन सौंदर्य रूप श्रीकृष्ण की पूजा करनी चाहिए।

नरकासुर के मारे जाने की खुशी में लोगों ने दीवाली से एक दिन पहले ही घी के दीपक जलाकर छोटी दीवाली मनाई थी, तब से आज तक रात को नरक चौदस छोटी दीवाली के रूप में मनाए जाने की परम्परा है।

इसी दिन भगवान ने वामन अवतार लेकर राजा बलि से तीन पग भूमि मांगी थी, तथा भगवान के वामन अवतार की भी पूजा की जाती है। वहीं श्रीराम परिवार सेवा समिति सेंथल द्वारा कैलेंडर वितरण कर लोगों से दीपावली पर श्री गणेश लक्ष्मी पूजन के साथ प्रभु श्रीराम का पूजन करने का भी आग्रह किया गया। विहिप जिला अध्यक्ष बाबूराम गंगवार व जिला मंत्री अविनाश मिश्रा द्वारा दीपावली शुभकामना सन्देश भी वितरण किये गये। बाजारों में भी श्री गणेश लक्ष्मी जी की मूर्ति, कैलेंडर के साथ दिए झाड़ू, मोमबत्ती, झालर, पटाखों की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आयी।

# बाजार में खरीददारी कर रही महिलाओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज: 5 के तहत महिला पुलिस कर्मियों द्वारा बाजार में खरीददारी करने आई महिलाओं को जागरूक करते हुए उनको आत्मसुरक्षा के गुण बताए।

महिला पुलिसकर्मी शबनम एवं भावना ने आज दीपावली के अवसर पर बाजारों में खरीददारी करने आई महिलाओं को जागरूक किया समझाया कि वह किस तरह अपनी आत्म सुरक्षा करें। कैसे अपना बचाव करें विमान 1090 वो मैंन पावर लाइन,1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,108, आपात कालीन पुलिस सेवा,181वो मैंन हेल्प लाइन,1930 साइबर हेल्प लाइन, 1098, चाइल्ड लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी समझाया कि कभी भी कोई परेशानी हो तो तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर काल करें तुरंत मदद मिलेगी।

# कमिश्नर व डीएम ने दीपावली की दीं शुभकामनाएं व बधाई

■ आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने का पर्व है दीपावली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दीपावली के पावन अवसर पर कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने मण्डल वासियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कमिश्नर ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीपावली त्योहार रोशनी का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला त्योहार है। सभी लोग इसे अपने परिजनों के साथ खुशियों के साथ मनाएं।

डीएम अविनाश सिंह ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते कहा कि यह पर्व एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग की भावना को बढ़ाने का त्योहार है। इस अवसर पर सभी लोग अपने परिवार और सहयोगियों के साथ मिलकर खुशियां बांटें, और अपने चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा फैलायें। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें व अपनी निगरानी में पटाखों को छुड़ायें, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाएं।

# बरेली में एक और दो नवंबर को होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

■ डीआईजी ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पुलिस भर्ती परीक्षाएं एक और दो नवंबर को आयोजित की जाएंगी। प्रशासन ने इन परीक्षाओं की तैयारियां पूरी कर ली हैं। हजारों अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे, जिसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि एक नवंबर को कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए की परीक्षा होगी। इसके लिए शहर में 15 केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 6960 अभ्यर्थी शामिल होंगे। दो नवंबर को पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पदों के लिए परीक्षा होगी, जिसमें 13 केंद्रों पर करीब 6000 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस प्रभारी, नियंत्रण कक्ष प्रभारी और एक फिस्किंग टीम तैनात रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था में 15 निरीक्षक, 76 उपनिरीक्षक, 15 हेड कांस्टेबल, 124 आरक्षी, 45 महिला आरक्षी और 15 अभिसूचना इकाई के पुलिसकर्मी शामिल होंगे।

शहर को परीक्षा सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक तीन केंद्रों पर एक सेक्टर अधिकारी (क्षेत्राधिकारी) की नियुक्ति की गई है, जो लगातार निगरानी करेंगे। सभी परीक्षा केंद्रों का सत्यापन और व्यवस्थाओं की जांच पूरी कर ली गई है। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और नकलमुक्त परीक्षा संपन्न कराने का आश्वासन दिया है।

# थाना प्रभारी आशुतोष ने दीपावली की दीं शुभकामनाएं व बधाई

■ बच्चों को अपनी निगरानी में पटाखे छुड़वाने की अपील



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दीपावली के पावन अवसर पर देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीपावली त्योहार रोशनी का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि आपसी सद्भाव, प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला त्योहार है।

थाना प्रभारी ने सभी से अपील की कि वे इस त्योहार को अपने परिजनों के साथ खुशियों के साथ मनाएं और एक-दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का अवसर है, और सभी को अपने परिवार और सहयोगियों के साथ मिलकर खुशियाँ बांटनी चाहिए। आशुतोष द्विवेदी ने क्षेत्र वासियों को सुरक्षा को लेकर भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें और उनकी निगरानी में पटाखे छुड़वाएं, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाएं। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं, और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने क्षेत्र वासियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। दीपावली के अवसर पर थाना प्रभारी की ओर से की गई इस पहल की क्षेत्र वासियों ने सराहना की है। लोगों ने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के इंतजाम करना और लोगों को जागरूक करना एक सराहनीय कदम है।

# सेंथल में आतंक का पर्याय बन गए हैं बंदर और कुत्ते



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है, लेकिन संबंधित लोग आंख मूंदे बैठे हैं।

यह आवारा कुत्ते झुंड की शक्ल में कस्बे की सड़कों पर हर समय पसरे दिखाई दे सकते हैं, जिसकी वजह से स्कूली छात्र और छोटे बच्चे तो रास्ता ही त्याग देते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात के वक्त लोगों को उठानी पड़ती है, यह कुत्ते बीच सड़क पर पसर जाते हैं, कभी ऐसा भी होता है जब बिजली नहीं होती है तो रास्ता चलने वालों का पैर इन कुत्तों पर पड़ जाता है, और यह कुत्ते उन्हें काट लेते हैं। यही दिक्कत बंदरों को लेकर भी सामने है।

बंदरों के दल एक छत से दूसरी छत पर तो कभी लोगों के घरों में भी घुसकर खाने की वस्तुएं उठाकर भाग जाते हैं।

आज सुबह एक महिला अपने किचन में नाश्ता बना रही थी और किचिन का दरवाजा खुला था कि इसी बीच बंदरों का झुंड किचिन में घुस गया, महिला चीखती हुई बाहर भागी और बंदर खाने की वस्तुएं लेकर भाग गए।

यह घटना किसी एक घर की नहीं बल्कि अनेक घरों की है। लोगों को अपने घर में रहना दुश्वार हो गया है, लेकिन जिम्मेदार लोग लंबी तानकर सो रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष का ध्यान जरूर इधर गया और उन्होंने कस्बा वासियों की परेशानी पर गौर किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि दीवाली के बाद बंदर पकड़ने वाली टीम को बुलाकर बंदरों को पकड़वाया जाएगा।

# युवक ने बैंक प्रबंधक और कर्मचारी पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एक युवक ने यूपी ग्रामीण बैंक के प्रबंधक और एक कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत ऋण आवेदन करने पर उसे परेशान किया गया, आवेदन निरस्त किया गया और शिकायत वापस न लेने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने शिकायत का फर्जी निस्तारण भी करा दिया।

थाना देवरनियां के गांव गिरधरपुर निवासी मो. शहवाज ने बताया कि उन्होंने 16 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 5 लाख रुपये के ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद बैंक के प्रबंधक और कर्मचारी ने उनसे दस्तावेज मांगे और सर्वे के लिए घर आए। शहवाज का आरोप है कि मैनेजर ने मशीनरी और कपड़ा दिखाने के लिए कहा, जबकि योजना के तहत यह राशि मिलने के बाद ही खरीदा जाना था। जब पीड़ित युवक ने प्रबंधक और कर्मचारी की मनमानी की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल और जिलाधिकारी से की, तो दोनों बौखला गए। आरोप है कि प्रबंधक ने एक कर्मचारी को शहवाज के घर भेजा और धमकी दी कि अगर शिकायत वापस नहीं ली तो झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा देंगे।

शहवाज द्वारा शिकायत वापस न लेने पर प्रबंधक और कर्मचारी ने कथित तौर पर एलडीएम बरेली को गुमराह करते हुए शिकायत का फर्जी निस्तारण करा दिया। युवक का कहना है कि एलडीएम बरेली ने जो आख्या पत्र पोर्टल पर अपलोड किया है, वह उन्हीं के कार्यालय का है, जबकि उनके कार्यालय से किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई। जांच आख्या में बैंक का कोई पत्र भी संलग्न नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि बैंक के प्रबंधक और कर्मचारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक बरेली को गुमराह करके शिकायत का फर्जी निस्तारण कराया है। युवक ने मुख्यमंत्री, डीएम और एलडीएम बैंक को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# पुलिस ने अभिषेक हत्याकांड का किया खुलासा

■ चार आरोपी गिरफ्तार, जिनको नामजद किया, वह निर्दोष निकले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में 15 अक्तूबर की रात रजऊ परसपुर निवासी अभिषेक की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया। वहीं हत्या के मामले में नामजद किए गए आरा. पी बेकसूर निकले। उन्हें छोड़ दिया गया है।

थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने अभिषेक हत्याकांड का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है। 15 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर में मेले के दौरान अभिषेक कुमार पुत्र रामकिशन पर कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर हालत में अभिषेक को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता रामकिशन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुता. बिक अभिषेक के दोस्त घायल विकास पुत्र लालाराम निवासी बहादुरपुर ने बताया कि घटना के दिन वह अपने साथियों अभिषेक, प्रमोद और बब्लू के साथ मेला देखने गया था। शराब की दुकान पर दीपक, गोपी, हुकुम सिंह और रौनक नाम के युवकों से उनका विवाद हो गया था। इसी रंजिश में इन युवकों ने रजऊ परसपुर मेले के पास हाईवे पर अभिषेक और विकास पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे अभिषेक की मौत हो गई और विकास घायल हो गया था। पुलिस की तफ्तीश में आरोपियों की पहचान दीपक पुत्र ईश्वरी प्रसाद, हुकुम सिंह पुत्र लाल सिंह, रौनक पुत्र शेर सिंह और गोपी पुत्र ईश्वरी प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। घटना में नामजद किए गए आरोपी बेदाग साबित हुए और उन्हें थाने से ही छोड़ दिया गया।

# करंट लगने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** नहाने के बाद छत पर नंगे पैर गए युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। अचानक से युवक की मौत के बाद मोहल्ले के लोग गमगीन है। परिजनों ने रात में ही युवक को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

किला थाना क्षेत्र के जसौली मोहल्ले में निवासी तसलीम घर के नीचे ही किराने की दुकान चलाते हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात 9 बजे वह नहाकर छत पर नंगे पैर चले गए। छत पर लगे जाल पर पैर रखते ही वह करंट की चपेट में आ गए। परिवार के लोग उन्हें आनन फानन में डाक्टर के पास लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने कार्रवाई की बात न कहते हुए रात में ही उन्हें मोहल्ले के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। तसलीम की मौत के बाद परिवार के साथ मोहल्ले के लोग भी गमगीन है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रका. शित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# दीपावली पर्व के दृष्टिगत संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम को पटाखा निर्माताओं व विक्रेताओं के लिए एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने दीपावली पर्व के दृष्टिगत संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पटाखों के एडवाइजरी का पालन कराये जाने के सम्बंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

उन्होंने बताया कि पटाखा निर्माण इकाइओं में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा निर्गत एडवाइजरी जारी की गई है।

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी में पटाखा निर्माताओं हेतु एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है कि केवल लाइसेंस प्राप्त इकाइयों द्वारा ही पटाखों का निर्माण किया जाएगा तथा अवैध रूप से संचालित इकाइयों पर कार्यवाही की जाये। निर्माण इकाईयों में फायर अलार्म सिस्टम एवं अग्निशमन उपकरणों, रेत तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। धूम्रपान, मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित किया जाए। सभी कर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाए एवं सुरक्षा वर्दी पहनना अनिवार्य किया जाए।

कच्चे रासायनिक पदार्थों अथवा ज्वलनशील/विस्फोटक पदार्थों का भंडारण नियमानुसार निर्धारित मात्रा में और अलग-अलग स्थान पर किया जाए। तैयार पटाखों की पैकिंग व परिवहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार ही किया जाए।

निर्माण इकाई हवादार एवं प्रकाश युक्त हो तथा उसमें पर्याप्त खुला स्थान हो। बिजली के तारों और उपकरणों की नियमित रूप से जांच की जाती रहे। पटाखा निर्माण इकाइयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाये।

निर्माण इकाई में कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों को अग्नि दुघर्टना से सुरक्षा-बचाव हेतु जागरूक किया जाये। अग्नि दुघर्टना से सुरक्षा-बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाये। निर्माण इकाई में कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों से निर्धारित अवधि तक ही काम लिया जाना सुनिश्चित किया जाये व किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस (101) या आपातकालीन नंबर (112) पर संपर्क कर सूचना दी जाए। इसी क्रम में पटाखा विक्रेताओं हेतु जारी एडवाइजरी में निर्देश दिए गए हैं कि केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेता द्वारा ही पटाखों की बिक्री किया जाएगा। दुकानें खुले मैदान तथा हवादार स्थानों पर लगाया जाना चाहिए। दुकान में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियॉ तत्काल प्रयोग के लिये हर समय उपलब्ध रहना चाहिए। दुकान के आसपास धूम्रपान या खुली आग का प्रयोग पूर्णतः वर्जित किया जाए। ज्वलनशील पदार्थों (तेल, पेट्रोल, गैस आदि) के पास पटाखों को न रखा जाए। ग्राहकों को पटाखों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दिया जाए। दुकानों के आस-पास भीड़ को नियंत्रित रखा जाना और व्यवस्था बनाए रखें। दुकानों में अच्छी गुणवत्ता के तथा बिना कटे/छिले बिजली के तारों का प्रयोग किया जाए। दुकान में घूम्रपान निषेध व खुली आग निषेध बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस (101) या पुलिस (112) पर सूचना दें। इसके अतिरिक्त जारी की गई सुरक्षा एडवाइजरी में निर्देश दिए गए हैं कि किसी दुर्घटना/आपात स्थिति में सभी विक्रेता व निर्माता द्वारा अपने कर्मचारियों को त्वरित निकासी प्रक्रिया की जानकारी दिया जाए। किसी दुर्घटना के कारण पीड़ित/घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने हेतु चिकित्सा व्यवस्था किया जाए। पटाखों की मजबूत पैकिंग तथा सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जाए। पटाखों को किसी भी ज्वलनशील पदार्थ/ईंधन अथवा गैस के साथ न रखा जाना एवं खराब या नमी वाले पटाखे सुरक्षित तरीके से नष्ट किया जाना सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

# स्कॉलर स्कूल रामपुर के विद्यार्थियों ने प्रबन्धन के साथ वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो को वितरित किए फल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्कॉलर स्कूल रामपुर के विद्यार्थी स्कूल प्रबन्धन के साथ ताशका स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे। इस दौरान बच्चों ने वहाँ रह रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की और उनके अनुभवों को सुना।




विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना था।

बच्चों ने वृद्धजनों को फल, बिस्किट और दैनिक उपयोग की वस्तुएँ भेंट कीं। आश्रम के संचालक ने स्कॉलर स्कूल की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ बुजुर्गों को भावनात्मक संबल देती हैं।

विद्यालय की प्रिंसिपल ने कहा कि "हम अपने विद्यार्थियों को केवल शैक्षिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ना चाहते हैं। इस दौरे से बच्चों ने प्रेम, सेवा और आदर का महत्व समझा।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और भविष्य में फिर मिलने का वादा किया।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# डा. भीमराव अंबेडकर फुटबाल टूर्नामेंट में एसआर रॉयल और दिनेश पुर ने फाइनल में किया प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** नगर में मंसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टांडा में एसआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डॉ0 भीमराव अंबेडकर आल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में एसआर रॉयल क्लब टांडा ने टाइगर क्लब टांडा से मैच बराबर रहने के बाद पैनाल्टी शूट के माध्यम से 4-3 के गोल के अंतर से मैच जीता।श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार से रॉयल क्लब के पवन कुमार को मुख्य अतिथि हाजी मुशर्रफ अली द्वारा दिया गया।मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के हाजी मुशर्रफ अली के साथ आशीष वर्मा, सलीम कसगर और हाजी अली प्रिंस ने दोनों टीमों से परिचय ले कर मैच शुरू कराया।




दूसरे सेमीफाइनल मैच में दिनेशपुर उत्तराखंड ने यंगमैन क्लब टांडा से 1-0 से मैच जीता। मैच में मुख्य अतिथि युवा नेता, समाज सेवी डाक्टर आजम ने अपने पैनल के साथ दोनों टीमों से परिचय ले कर मैच शुरू कराया। दिनेशपुर के खिलाडी विवेक कुमार को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मुख्य अतिथि डाक्टर आजम द्वारा दिया गया।

एसआर रॉयल क्लब टांडा और दिनेश पुर उत्तराखंड की टीमें फाइनल में पहुंच गईं हैं। त्यौहारों के सीजन के कारण अवकाश है।अब फाइनल मैच 24 अक्टूबर शुक्रवार को होगा।

रेफरी अजीत कुमार, लाइन मैन राहत अली, मु० उसामा, सगीर गुड्डू व शहाबुद्दीन रहे। स्कोरर की भूमिका मोईन खान टाण्डवी ने निभाई।

कमेंटेटर मु० .सईद सागर, जहीर जिया और महफूज मुन्ना रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि हाजी मुशर्राफ अली, डॉक्टर आजम, आशीष वर्मा,सलीम कसगर, अली, मु० रईस ,हाजी मुशाहिद, दीपक कुमार अम्मार ,टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष कारी रिजवान, अमीर अहमद, उबैस प्रिंस, अब्दुर्रज्जाक आदि मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी का मामला, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** थाना टाण्डा क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। पीड़िता नाजमा, पत्नी शमसुद्दीन, निवासी मोहल्ला पुराना बाजार टाण्डा ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर सौंपकर अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नाजमा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी शादी 26 नवंबर 2024 को मुस्लिम शरीयत के अनुसार शमसुद्दीन पुत्र हाजी मोहम्मद फारुख, निवासी मोहल्ला मनिहारान थाना टाण्डा, के साथ हुई थी। शादी में नाजमा के परिवार ने 8 लाख रुपये नकद, 7 तोला सोना/जेवरात और लगभग 3 लाख रुपये का दहेज सामान दिया था। इसके बावजूद, शमसुद्दीन और उनके परिवार वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। शादी के अगले दिन से ही पति शमसुद्दीन, जेठ अब्दुल रऊफ, जेठानी आसमा उर्फ गुलशन, देवर मोहम्मद मंसूर और देवरानी तबस्सुम उर्फ बेबी ने कम दहेज के ताने देकर नाजमा से बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर नाजमा के साथ मारपीट, गाली-गलौज और खाने-पीने जैसे रोजमर्रा के खर्चों में तंग किया जाने लगा। नाजमा को बाद में पता चला कि शमसुद्दीन की इससे पहले भी शादी हो चुकी थी,पहली पत्नी को भी वह दहेज के लिए तंग करता था और उसका तलाक हो चुका था। 3 अक्टूबर को शमसुद्दीन और उनके परिवार वालों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर नाजमा के साथ मारपीट की और उसे मायके छोड़ दिया। उसी दिन शमसुद्दीन ने नाजमा के भाई मसरूर की पत्नी महरवा को बहला-फुसलाकर 18 तोला सोना और 1.60 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गया। शमसुद्दीन ने नाजमा को धमकी दी कि जब तक वह बुलेट मोटरसाइकिल और 5 लाख रुपये नहीं देगी, वह उसे वापस नहीं ले जाएगा और महरवा को अपनी पत्नी बनाकर रखेगा।

नाजमा के भाई ने अपनी पत्नी को ले जाने की शिकायत थाना टाण्डा में दर्ज कराई है, जिसके बाद शमसुद्दीन को अपने भाई और भाभी का पूरा समर्थन मिल रहा है। नाजमा ने शमसुद्दीन को एक हेकड़ी, सरकश और धोखेबाज व्यक्ति बताया, जिसके कृत्यों से उनका और उनके भाई का परिवार बर्बाद हो रहा है।

नाजमा ने इससे पहले 8 अक्टूबर को भी थाने में शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने शमसुद्दीन, अब्दुल रऊफ, आसमा उर्फ गुलशन, मोहम्मद मंसूर और तबस्सुम उर्फ बेबी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

# बच्चों ने दिया इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड शाखा में कक्षा प्री नर्सरी से 12 वीं तक के बच्चों ने दीपावली का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। कक्षा प्री नर्सरी से केजी तक के बच्चों ने रंगीन परिधानों में सुसज्जित होकर मां लक्ष्मी का पूजन किया। छोटे-छोटे बच्चों ने मिट्टी के दिए सजाए और मिट्टी से छोटे-छोटे बर्तन बनाकर सभी का मन मोह लिया।

बच्चों के द्वारा की गई इस प्रकार की गतिविधि ने पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया। कक्षा एक से पांचवी तक के बच्चों ने रंग- बिरंगे वंदनवार और सुंदर-सुंदर कंदील भी बनाई। इस प्रकार की गतिविधि में कक्षा के सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से भाग लिया, जिससे अनेकता में एकता का संदेश भी मिलता है। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने रंगोली सजाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के चारों हाउस के मध्य निर्धारित की गई थी । जिसमें अधिकतम बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने दिवाली स्पेशल फायरलैस मिष्ठान प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें निर्णायक की भूमिका विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी द्वारा निभाई गई।



प्रतियोगिता में एथिक्स हाउस के बच्चों ने पोषक तत्वों से भरपूर और आकर्षक मिठाईयां बनाकर सभी का मन जीत लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ निर्मल कौर ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस त्यौहार को मनाने के कारणों पर भी प्रकाश डाला। विद्यालय के ट्रस्टी डॉ परविंदर सिंह सैहमी और प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने भी बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह त्यौहार ही व्यक्ति को एक दूसरे से जोड़े रखने का माध्यम हैं। इसलिए हंसी-खुशी मिलजुल कर प्रत्येक त्यौहार को मनाना चाहिए। संपूर्ण कार्यक्रम के संचालन में अध्यापिकाओं अंकिता मित्तल, मनिका मिश्रा, लोकेश गंगवार, श्वेता गॉड, रेनू भट्ट एवं रजनी आदि ने विशेष भूमिका निभाई जिसका दिशा निर्देशन अध्यापिका आयुषी दीक्षित द्वारा दिया गया।

# मेडिकल स्टोर में कूमल लगाकर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** मुरसैना चौराहे पर देर रात अज्ञात चोरों ने मेडिकल स्टोर में पीछे से कूमल लगाकर लाखों रुपए की नकदी साफ कर दी।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला अजीम नगर थाना क्षेत्र के मुरसैना चौराहे का है। हकीमगंज गांव निवासी शाहनवाज का चौराहे पर मेडिकल स्टोर है। शनिवार रात किसी समय अज्ञात चोरों ने पीछे से दुकान मे कूमल लगा दिया।

दुकान के अंदर आए चोरो ने मेडिकल स्टोर की दराज तोड़ ली। चोरों ने दराज में रखे दो लाख तीस हजार रुपए कैश चुरा लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। रविवार सुबह मेडिकल स्वामी ने कुमल लगा देखा तो उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो दराज के ताले टूटे हुए थे और उसमें रखे रुपए गायब थे।



शोर मचाने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर आ गए। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया चोरी का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# सर्वाइकल कैंसर शिविर का आयोजन, दिए सुझाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी ने संयुक्त रूप से अयोजित सर्वाइकल कैंसर शिविर में विशेष सहयोग किया। यह शिविर 17 अक्टूबर को बरेली के वंश हॉस्पिटल में आयोजित हुआ जिसमें इनर व्हील के 10 क्लब शामिल रहे।

सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर सर्वाइकल कैंसर पर वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना अग्रवाल के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। डॉक्टर की देखरेख में 20 बालिकाओं को फ्री में एचपीवी वैक्सीन लगवाई गई साथ में अन्य टेस्ट और स्क्रीनिंग भी की गई। यह कार्य क्लब की सहभागिता से हुआ। डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी डॉक्टर नीलू मिश्रा ने कार्यक्रम का मार्ग दर्शन किया। क्लब की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता ने डॉक्टर अर्चना जी को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब की चार्टर अध्यक्ष सलोनी गुप्ता और कोषाध्यक्ष प्रगति गुप्ता मौजूद रहीं।




# इमामबाड़ा किला में आयोजित मजलिस में मौलाना सैयद डॉ. हसन कुमैली का खिताब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** इमामबाड़ा किला में हुई मजलिस को खिताब करते हुए दिल्ली से आए मौलाना सैयद डॉ. हसन कुमैली साहब ने कहा कि कर्बला में करोड़ों के मजमे को रोटी-पानी सब कुछ मिलता है। नजफे अशरफ से कर्बला तक लंबा सफर करने के दौरान जायरीन को किसी चीज की कोई कमी नहीं रहती है। करोड़ों लोग हजरत इमाम हुसैन के रोजे की जियारत करते हैं।

शायरे अहलेबैत उस्ताद शायर अल्लामा सहर रामपुरी के बड़े बेटे मिर्जा तौसीक अली बेग की पहली बरसी के ईसाले सवाब की मजलिस को खिताब करने आए मौलाना ने कहा कि आपस में प्यार-मोहब्ब्त से रहे। हजरत इमाम हुसैन ने कर्बला में इंसानियत को बचाने को अपना सिर कटा दिया।



अरबईन ए हजरत इमाम हुसैन और शोहदा ए करबला के सिलसिले से उनके मोजिजात को बयान फरमाते हुए जन्नत की नेमतो का तजकरा मिसाल देते हुए कहा कि जन्नत में जो शख्स अल्लाह की नेमत का इरादा करेगा वह उसको हासिल हो जाती है। आखीर में उन्होंने आलम ए इस्लाम को शिया-सुन्नी इत्तेहाद का पैगाम दिया। इससे पहले पेशख्वानी मिर्जा तकी बेग, हसन मेहंदी,अब्बास हैदर सहरी, मोहम्मद हैदर सहरी ने की। इस मौके पर मौलाना मूसा रजा, मौलाना जमा बाकरी, मिर्जा मुज्तबा अली वेग, तस्लीम सहरी, आसिफ सहरी, तनवीरुल हैदर, फैसल रिजवी, दानिश नकवी, आशु बेग, ताबिश नकष्वी, बाबर जैदी समेत काफी तादाद में अकीदतमंद मौजूद रहे।

# एआरटीओ ने क्षमता से अधिक सवारी ले जा रहे 9 वाहनों का किया चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** दीपावली एवं अन्य आगामी पर्वों पर सुरक्षा की दृष्टिगत एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वाराजनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान मार्ग से निकल रहे विभिन्न वाहनों की गहन चेकिंग की गई। जिसमें दो बसें जो कि हिमाचल प्रदेश से रुपईडीहा एवं लखीमपुर को जा रही थी। इन बसों में निश्चित सीट क्षमता 54 के सापेक्ष 72 यात्री बैठे पाये गए, जिस पर इन दोनों बसों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई एवं क्षमता से अधिक सवारियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य को भिजवाया गया। इसी प्रकार तीन ईको वाहन जिनमें 12 से 13 यात्री बैठे गए थे इनके विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई तथा दो ऑटो टेंपो भी निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी लेकर परिवहन करते पाए गए। जिस पर उनके विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। एआरटीओ द्वारा लंबी दूरी तय करने वाली बसों के चालकों को सुरक्षित परिवहन के विषय में जागरूक किया गया उनसे कहा गया कि थकान लगने पर बस को सुरक्षित स्थान पर रोक कर आराम कर ले। नींद और थकान महसूस होने पर बस कदापि न चलाएं। इस प्रकार की लंबी यात्राओं में एक बस में दो चालक अवश्य रहने चाहिए। उन्होंने वाहन चालकों को चेतावनी दी कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ना चलाएं तथा सचेत किया कि सुरक्षित परिवहन द्वारा स्वयं के साथ-साथ उनके वाहन में बैठे यात्रियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करें।



# पुलिस ने दीपावली के त्योहार सहित आगामी त्योहारों लेकर नगर में किया पैदल मार्च, धमाकेदार पटाखों से दूर रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** दीपावली व आगामी त्योहारो को लेकर कस्बे में पुलिस में पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया और पटाखा मार्केट पहुंचकर दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दीपावली के त्योहारी सीजन को लेकर पुलिस ने रविवार की शाम कस्बे में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की पुलिस दल काशीपुर मार्ग होते हुए पटाखा मार्केट पहुंचा और पटाखा विक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने काशीपुर मार्ग सदर बाजार समेत चाउपुरा के रामलीला ग्राउंड में लगे अस्थाई पटाखा बाजार का भी निरीक्षण किया। त्यौहार को लेकर जाम की स्थिति न बने पुलिस सतर्क रही। पुलिस ने पैदल मार्च के दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कहा कि धमाकेदार आवाज के पटाखों से दूरी बनाकर रखें जिससे जनहानि ना हो और सुरक्षित तरीके से दीपावली का पर्व मनाए।



# आतिशबाजी की भी जमकर की खरीदारी

## अनार बम व फुलझड़ी रही पहली पसंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दीपावली की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी की भी जमकर खरीदारी की गई। बच्चों ने अपनी पसंद के अनार बम तथा फुलझड़ी खरीदी। जबकि बड़ों ने राकेट आदि की खरीदारी की।

दिवाली पर आतिशबाजी भी जमकर की जाती है। रात होते ही आसमान रंग बिरंगी रोशन से जगमग हो जाता है। मिनी स्टेडियम में आतिशबाजी की दुकानें लगी है। जिन पर सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ रही। बच्चे अपने परिजनों को लेकर यहां पहुचे तथा अपनी पसंद की खरीदारी की। उनकी पहली पंसद फुलझड़ी रहीं जबकि कुछ ने अनार बम खरीदें। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर परिजनों ने ऐसे आइटम दिलाये जिससे बच्चों को नुकसान न हो। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से ही बड़ी संख्या में लोग आतिशबाजी की खरीदारी करने पहुंचे। उधर सांय होते ही छोटी दिवाली पर जमकर आतिशबाजी की गई। जिससे आसमान पर अजब ही छटा दिखाई दे रही थी। लोगों ने इसका भरपूर आनंद लिया। घरों के बाहर दीपक जलाकर माता लक्ष्मी को आमंत्रित किया गया।

## पूर्व संध्या पर दुल्हन की तरह सजा अमरोहा, बाजार में रही भीड़

# दिवाली पर आज हर घर जलेगा खुशी का दीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिवाली को लेकर लोगों में अपार उत्साह है। इस दिन भगवान कुबेर, माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की विधिवत पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की जायेगी। लोग एक दूसरे के घर दीप जलाकर खुशी मनायेंगे। पर्व संध्या पर लोगों ने पूजा का सामान व घरों को सजाने के लिये झालर की जमकर खरीदारी की।

सोमवार को दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसे लेकर लोगों में खास उत्साह है। इस दिन वह एक दूसरे के घर जाकर दीप जलाकर दीपावली की मुबारकबाद देंगे। हर तरफ इस त्योहार को लेकर रोनक दिखाई दे रही है। छोटी दिवाली से ही घरों को सजाने का काम पूरा हो गया। सांय के समय नजारा देखते ही बन रहा था। अधिकांश घरों के बाहर रंगबिरंगी झालरें मकानों की शोभा बढ़ा रही थी। जिनकी छटा देखते ही बन रही थी। हर कोई दिवाली का उत्साह पूरे उत्साह से मनाने के लिये उतावला दिखाई दे रहा है। नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ समेत अधिकांश धार्मिक स्थलों को मनमोहक रूप से सजाया गया है। रात होने पर यहां रंग बिरंगी रोशन का जश्न खूब मनाया गया। इस दिन लोग एक दूसरे के घर मिठाई बांटकर दिवाली की मुबारक. बाद देते है। नगर में सारा दिन यहीं हाल रहा। रिश्तेदार व पड़ोसियों ने दिवाली की पूर्व संध्या पर सभी गिले सिकवे दूर कर एक दूसरे को बधाई दी। आज हर घर खुशी के दीप जलाये जायेंगे। दिवाली से कई दिन पहले ही कुम्हार दीये को बनाने का काम शुरू कर देते है। क्योकि इस पर्व पर अधिकांश घरों में मिट्टी के दीपक जलाये जाते है। इस कारण कुम्हार भी अपने काम में कई दिन पहले से जुट जाते है। उधर दिवाली की पर्व संध्या पर बाजार में सुबह से ही चहल पहल दिखाई दे रही थी। हर कोई घरों को मनमोहक रूप से सजाने के लिये झालरों व अन्य सामान की खरीदारी करने में जुटा रहा। लोगों ने अपने स्तर से इस दिन को यादगार बनाने के लिये सभी अपने घरों को मनमोहक रूप से सजाया। दिवाली पर भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, व कुबेर की पूजा आराधना करने का चलन है। बाजार में इनकी मूर्तियों की भरमार है। लोगों द्वारा आज पूजा स्थल को मनोहारी रूप से सजाकर उस पर दीप प्रजवलन कर प्रभु व माता से परिवार की सुख सृद्धि की कामना की जाती है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी स्वयं आज के दिन अपने भक्तों को दर्शन देने आती है। यहीं कारण है कि घरों को सजाने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। इसके अलावा घर में आरती भी की जाती है। जिसमें परिवार की सभी लोग हिस्सा लेते है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## आरोपी व मां के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** शादी का झांसा देकर उन्नाव की युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रात भर घर में रोकने के बाद आरोपी ने बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उन्नाव जिले की रोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का आरोप है कि 18 अक्तूबर को दोपहर दो बजे आनंद विहार स्टेशन पर उसकी मुलाकात डिडौली निवासी सुनीता व उसके बेटे कन्हैया से हुई थी। बातचीत के दौरान सुनीता ने युवती को अपने बेटे कन्हैया से शादी कराने का झांसा दिया और फिर दोनों बहला-फुसलाकर युवती को अपने साथ घर ले आए। आरोप है कि रात में घर रोकने के बाद कन्हैया ने युवती के साथ दुष्कर्म किया तथा बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में सुनीता व उसके बेटे कन्हैया के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज करने की बात कही।

# दीपावली पर लाइसेंस के नाम पर लूट

## तहसील में भ्रष्टाचार की छुपी आतिशबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के लिए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोपों ने त्योहार की रोशनी पर काला साया डाल दिया है। स्थानीय आवेदकों ने आरोप लगाया है कि तहसील कार्यालय में आवेदन जमा करते समय उनसे ₹500 से ₹1000 तक की अवैध वसूली की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस वसूली के बदले कोई रसीद प्रदान नहीं की जा रही, जिससे स्पष्ट होता है कि यह धन सीधे निजी जेबों में जा रहा है।

आवेदकों का कहना है कि सरकार एक ओर भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था और 'जीरो टॉलरेंस' का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर त्योहारों पर भी आम लोगों को राहत नहीं, बल्कि लूट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यथा व्यक्त की कि दीपावली जैसे पर्व पर जब लोग रोजगार के लिए छोटे-छोटे स्टॉल लगाना चाहते हैं, उसी समय उन पर आर्थिक बोझ थोपना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस आरोप की पुष्टि के लिए जब तहसील प्रशासन का पक्ष जानने हेतु तहसीलदार मुसाराम धारू से संपर्क साधा गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। प्रशासन की यह चुप्पी सवाल खड़े करती है कि क्या वास्तव में नियमों की आड़ में उगाही हो रही है? यदि यह शुल्क वैध है, तो उसके लिए रसीद क्यों नहीं दी जा रही? स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस मामले की जांच की मांग की है, ताकि दीपावली का त्योहार न्याय और विश्वास की रोशनी में मनाया जा सके, न कि भ्रष्टाचार के अंधकार में खो जाए। यह घटना एक गंभीर प्रश्न छोड़ती है क्या दीप जलाने का पर्व व्यवस्था की अंदरूनी रोशनी भी जगाएगा, या अंधेरा यूं ही कायम रहेगा



मंडी धनौरा। दीपावली पर आतिशबाजी की दुकानों से खरीदारी करते लोग।

# चार मजदूरों की मौत से दीवाली पर छाया मातम

## घर लौटते हादसे का हुए शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दीपावली पर घर लौट रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर टिपलर को जोरदार भिड़ंत पिकअप से हो गई। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गये। शवों के घर पहुंचने पर मातम पसर गया।





गया। दोनों की मौतों के होने से गांव में मातम छा गया। जैसे ही शीशपाल व अखिलेश के शव गांव पहुंचे तो वहां चीख पुकार मच गई। शीशपाल की पत्नी लक्ष्मी के हाथों की मेंहदी भी अभी ठीक से फीकी नहीं पड़ी थी कि कुदरत ने उसे इतना बड़ा गम दे दिया। पति की मौत होने से लक्ष्मी गश खाकर पीछे को गिरकर बेहोश हो गईं।गमगीन माहौल में दोनों के शवो का अंतिम संस्कार गंगा के तिगरी घाट पर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर निवासी अखिलेश पुत्र अंतराम उत्तराखंड के खटीमा में बिजली की ठेकेदारी करते थे। शनिवार को अखिलेश मजदूरों के साथ ट्रैक्टर टिपलर में बैठकर दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए घर को लौट रहे थे। रास्ते में सामने से मुर्गों से भरकर आ रही पिकअप से जोरदार भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर टिपलर पलट गया जिससे शीशपाल पुत्र महावीर आयु (35) वर्ष अखिलेश पुत्र अंतराम आयु (26) वर्ष के अलावा जनपद संभल के दो अन्य मजदूरों की भी मौके पर मौत हो गई। अखिलेश खटीमा में बिजली की ठेकेदारी करते थे। अभी उनकी शादी नहीं हुई थी। शीशपाल की 9 माह पहले शादी हुई थी। जैसे ही दोनों युवकों की मौत की खबर गांव पहुंची तो वहां कोहराम मच

# दीपावली पर बाजारों में उमड़े लोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** दीपावली के अवसर पर बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। खेल-खिलौने, गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, पूजन सामग्री, मिठाई, झालर, सजावट का सामान खूब बिका। मिठाई की दुकान पर देर शाम तक ग्राहकों की लाइन लगी रही। रविवार सुबह से ही बाजार में भीड़ नजर आने लगी। गजरौला ब्लॉक के साथ गांव के बाजार में भी भीड़ नजर आई। दोपहर तक बाजार में रौनक हो गई। मिट्टी के दीये, झालरें, मोमबत्ती, फूल माला, किराना, मिठाई आदि दुकानों पर जबरदस्त भीड़ रही। दीये, मोमबत्ती पैकेट खूब बिके। इलेक्ट्रानिक्स बाजार में खासी भीड़ दिखी। 50 रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की झालरों की बिक्री हुई। वहीं ब्रांडेड और स्टाइलिश सामानों की भी धूम रही। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के मैदान में लगी आतिशबाजी की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। रविवार की शाम के वक्त घरों में छोटी दीपावली की पूजा अर्चना की गई। रात के समय रंगीन झालरों व बल्वों से घरों की सजावट देखने लायक हो रही थी।। वहीं दीपावली पर्व पर लोग त्यौहार मनाने अपने घर गए, इस कारण बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही

## मेले में बिजली की लाइन खिंची

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में रविवार को बिजली ठेकेदार ने पोल गड़वाकर केबिल खिंचवाने का काम शुरू कराया तो वहीं चाहरदीवारी के लिए टीन फिनसिंग का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। उसके लिए श्रमिकों ने बल्लियां आदि लगानी शुरू कर दी हैं। तिगरी गंगा मेले में इस समय तैयारियां समय से पूरा कराने के लिए प्रशासन का खासा जोर है। गंगा रोड के साथ साथ सेक्टरों की सड़कों पर भी श्रमिक काम कर रहे हैं। मनोरंजन क्षेत्र में झूले तैयार हो रहे हैं। रविवार को मेला क्षेत्र में बिजली ठेकेदार ने श्रमिकों ने पोल गड़वाकर केबिल व तार खिंचवाए। डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं एसडीएम विभा श्रीवास्तव द्वारा लगातार मेले की मॉनीटरिंग की जा रही है। मेले में चारों कोनों तक किसी प्रकार का अंधेरा न रहे, इसलिए बिजली ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि मुख्य बाजारों के साथ साथ श्रद्धालुओं के शिविरों (तंबुओं) तक बिजली की व्यवस्था रहे।

# चैक बाउंस मामले में छह महीने की सजा

## दस लाख का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चेक बाउंस के मामले में अदालत ने छह महीने कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी ने नौ लाख रुपये के उधार लेकर बदले में चेक दिया था जो खाते में धनराशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया था।

मामला शहर के मोहल्ला गशियान से जुड़ा है। यहां कारोबारी विनय कुमार बाहेती का परिवार रहता है। मोहल्ला मंडी चौक के रहने वाले मनोज रस्तोगी से उनके पारिवारिक संबंध थे। जरूरत बताकर मनोज रस्तोगी ने विनय कुमार से नौ लाख रुपये उधार लिए थे। बदले में इतनी ही धनराशि का चेक दे दिया था। रकम साल 2017 से 2019 के बीच दी गई थी। इसके बाद विनय कुमार ने जब अपने रुपयों का तकादा किया किया तो मनोज रस्तोगी आनाकानी शुरू कर दी। बाद में कोरोना के चलते लॉक डाउन का बहाना बनाकर टाल दिया। 26 दिसंबर 2022 को विनय कुमार जब मनोज रस्तोगी की दुकान पर गए तो उन्होंने एक चेक दे दिया। लिहाजा, मनोज कुमार रस्तोगी की सहमति से विनय कुमार ने नौ लाख रुपये की धनराशि अपने नाम से भर ली। बाद में चेक को बैंक ऑफ बड़ोदा के खाते में लगा दिया लेकिन खाते में इतनी धनराशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पीड़ित विनय कुमार ने मामले में अदालत की शरण ली। मुकदमे की सुनवाई प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने मनोज कुमार रस्तोगी को छह महीने कारावास की सजा सुनाई तथा दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कारोबारी विनय कुमार को 9.90 लाख रुपये देने तथा दस हजार रुपये की राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

कुमार ने मामले में अदालत की शरण ली। मुकदमे की सुनवाई प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने मनोज कुमार रस्तोगी को छह महीने कारावास की सजा सुनाई तथा दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कारोबारी विनय कुमार को 9.90 लाख रुपये देने तथा दस हजार रुपये की राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

## एक नजर

### तंवर ने दिया योगी को तिगरी आने का न्यौता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर विकास कार्यों के लिए धन मुहैया कराने तथा गंगाधाम तिगरी में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में आने का निमंत्रण दिया। लखनऊ में सांसद कंवर सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को जिले में कराये जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया तथा धन अभाव में जो योजनाएं लम्बित हैं उनके लिए धन आवंटित करने का अनुरोध किया। जबकि तिगरी में लगने वाले विशाल गंगा मेले में आने का भी निमंत्रण दिया। सीएम ने सांसद कंवर सिंह तंवर को भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में विकास कार्य नहीं रूकेंगे।

### हादसे में मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** देर शाम रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पपसरा में 18 अक्टूबर को पुताई के काम के दौरान गंभीर हादसा हुआ। मोहम्मद अली उर्फ भोला का भाई माहिर (21) ऊपर से गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। घायल को तुरंत अमरोहा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां से मुरादाबाद रेफर किया गया। रास्ते में ही माहिर की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मृतक तीन भाईयों में तीसरे नंबर का था।

# बुखार की चपेट में आकर छात्रा की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुखार की चपेट में आकर कक्षा 11 की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत से परिवार में को. हराम मचा है।

तहसील क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी जितेंद्र प्रजापति की 17 वर्षीय बेटी अंशु प्रजापति कई दिन से बुखार से पीड़ित थी। परिजनों के द्वारा लगातार उसका उपचार चल रहा था। अचानक शनिवार को अंशु की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने द्वारा तत्काल उसे नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेरठ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेरठ जा रहे थे।जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। अंशु की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। देर रात गमगीन



माहौल में छात्रा के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक मृतक अंशु दो भाइयों मनोज व दीपक में सबसे बड़ी थी। वह आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर पर कक्षा 11 की छात्रा थी। छात्रा की मौत से मां गीता भाई दीपक और मनोज समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बैंकेट हाल से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र में खुशी के माहौल के बीच एक घटना ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को चौंका दिया। तहसील के निकट स्थित एक बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी दिलशाद सलमानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे शनिवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। बाइक को हॉल के बाहर खड़ा किया था, लेकिन जब रात में लौटे तो बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने बताया कि मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। बैंक्वेट हॉल प्रबंधन ने सफाई दी कि बिजली फिटिंग के कारण कैमरे चालू नहीं थे। काफी देर तक आसपास तलाशने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने थाने का रुख किया।

# अम्बेडकर मार्ग बंद करने पर फूटा लोगों का गुस्सा

## चेयरमैन के खिलाफ जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अम्बेडकर पार्क वाले मार्ग को उखाड़कर बंद करने के विरोध में लोगों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार के समय इस मार्ग को बंद करने से उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने चेयरमैन के खिलाफ भी नाराजगी व्यक्त की।

आजाद रोड स्थित अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित रोड को नगर पालिका द्वारा उखाड़ दिया गया है। इस मार्ग पर आवागमन पूरा तरह बंद है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आज इसके विरोध में उनका गुस्सा फूट पड़ा तथा उन्होंने नगर पालिका के खिलाफ हंगामा किया। उनका कहना था कि इस समय त्योहार का समय चल रहा है। इस समय परिचित व रिश्तेदार एक दूसरे के घर बधाई देने जाते है। लेकिन रास्ता बंद होने से भारी परेशानी हो रही है। भैयादूज पर बहन, बेटियां मायके आकर त्योहार मनाती हैं। उन्होंने नगर पालिका के खिलाफ आक्रोश जताते कहा कि जल्द से जल्द इस मार्ग को सुचारू कराया जाये ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। यदि ऐसा न हुआ तो वह इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका यह भी कहना था कि वह कई बार चेयरमैन से इसकी शिकायत भी कर चुके हैं परन्तु उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## फौजी के घर दबंगों ने की फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** फौजी के घर में घुसकर दबंगों ने गालियां दीं। विरोध करने पर फायरिंग की। जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के हाशमपुर गांव में अमरपाल सिंह फौजी का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक गांव को ही रहने वाला मनोज कुमार ने घर पर आकर गालियां दीं। इसके बाद 12 अक्तूबर की रात मनोज कुमार ने फिर घर आकर गालियां दीं। विरोध करने पर फायरिंग की। जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना कमरे में कैद हो गई। घटना के बाद से फौजी मानसिक रूप से परेशान है। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## कक्षा 11 की छात्राओं ने जीती प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्राओं ने पहला स्थान हासिल किया। कौशल्या देवी बलवंत सिंह इंटर कालेज में दिवाली के मौके पर कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। लेकिन कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की सभी ने जमकर सराहना की। उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मोमराज सिंह ने सभी बच्चों को दिवाली की मुबारकबाद दी। इस मौके पर एसओ विकास कुमार, चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी, राहुल कुमार व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मारपीट में महिलाओं समेत सात घायल

## मेढ़ को लेकर चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** हसनपुर। मेंढ़ के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने से तीन महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गये

रविवार को खेत पर मेंढ़ को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कहा सुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। जिसमें जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान एक पक्ष से उमेश, नेपाल, शीतल, रामकुवर, मुन्नी तथा दूसरे पक्ष से रमजीमल प्रकाशो घायल हो गये। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उमेश एवं मुन्नी की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल की जा रही है।

## रंगोली उत्सव से दिवाली का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में रंगोली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर देश की संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। गांव मालोखेड़ा उर्फ शाहवाजपुर स्कूल में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक रंगों, फूलों व दीयों से रंगोली बनाकर देश की संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। प्रधानाचार्य अजरा नकवी ने कहा कि दिवाली खुशहाली व उजाले का पर्व है। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें भाईचारे की सीख देते है। हमें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इन्हें मनाना चाहिये। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# दिवाली पर बाजार हुए गुलजार, भारी भीड़ के कारण निकलना रहा मुश्किल



**कांठ (शाह टाइम्स)।** दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार हो गए भीड़ का आलम यह रहा कि लोगों का बाजार से निकलना भी मुश्किल हो गया। बतादें कि पहले करवा चौथ फिर अहोई इसके बाद धनतेरस और अब चल रही दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार में भीड़ काफी बढ़ गई है।

दुकानदारों द्वारा सामान बाहर लगाने के कारण सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग बाजारों में पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं। जिसे लेकर लोगों का बाजार से निकलना मुश्किल हो गया है। आज भी बाजार में भीड़ के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और बाजार के अंदर दो पहिया वाहन लेकर पहुंचे लोगों के कारण भी खरीदारों की परेशानी बढ़ गई कुल मिलाकर लोगों को भारी भीड़ के चलते मुसीबत का सामना भी करना पड़ा आतिशबाजी के शौकीन लोगों ने बड़ी संख्या में दशहरा स्थल पर जाकर पटाखे खरीदें सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही।

# दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह उपस्थित रहे। मुंडापांडे मंडल का कार्यक्रम महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना और दलपतपुर मंडल का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार मुंडापांडे में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को मिष्ठान, चांदी का सिक्का, दीपक, उपहार और देशी घी देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। ठाकुर रामवीर सिंह ने दीपावली पर्व की महत्वता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए इस पर्व को सौहार्द व भव्यता के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली पर्व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का अनुपम धरोहर है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संवाद और सामाजिक एकता स्थापित करना है, ताकि दीपावली जैसे पर्व पर सभी लोग एक साथ खुशियाँ बाँट सकें। सभी पार्टी कार्यकर्ता मेरे परिवारजन है, यह एक पारिवारिक आयोजन है जिसमें अपनापन, प्रेम और सौहार्द का संदेश निहित है। उन्होंने मां लक्ष्मी से से सभी पर असीम कृपा, अमन-चौन और सामाजिक समरसता बनी रहने की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, देवेंद्र सिंह, दुर्गपाल सिंह, आयुष प्रताप, विपिन जाटव, रजनीश चौहान, अनित, मनोज, रविन्द्र पाल, मुकेश ठाकुर, वालेचरन वाल्मीकि, दूल्हा नंबरदार, खुर्शीद मौलाना, मनोज तोमर, रंजीत यादव, कल्लू प्रधान, रूपचंद प्रजापति, वीरपाल, अशोक प्रजापति, परशुराम सैनी, गुड्डू लोधी सहित समस्त मंडल कार्यकारणी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी प्रवासी, बूथ अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।



# रॉयल पब्लिक स्कूल में दीपावली पर पहलगाम के शहीदों को किया याद

■ शहीदों की याद में रंगोली उकेरकर जलाया दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली का पर्व नम आंखों से मनाया गया। रॉयल पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व के मौके पर स्कूल प्रांगढ़ में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली उकेरी और एक दीया देश के शहीदों के नाम जलाया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं और कॉलेज चौयरमेन व बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने भी पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को याद किया गया और दीप जलाए।

बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हादसे में जो 26 नागरिक शहीद हुए है उनके परिवार दीपावली के पर्व पर शहीदों को याद करते हुए गमगीन होंगे, क्योंकि उनके परिवार में दीपावली की खुशी को वह इतने अच्छे से नहीं मना पाएंगे, क्योंकि उन्होंने अपनों को खोया है। कहा कि दीपावली पर्व रोशनी का पर्व है, कहा कि सभी के जीवन में रोशनी लेकर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से कॉलेज प्रबन्धक मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, प्रधानाचार्य एमकुमार, जावेश आलम, मौहम्मद अली, आरिफ, आसिम, पीयूष, आर्यंश, नूर जहां, कामना, उषा, निखलेश शर्मा, अमन जौहरी, निशा ठाकुर, अजरा खान, सुबोध, शकील, शीतल, सुमायला, आयुषी, नेहा, उमूल, दिव्या, अमत, शिवानी, नेहा नाज, जिया, नेहा आदि शिक्षक-शिक्षिका का सहयोग रहा



## पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों का किया शांति भंग में चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** शांति भंग की आशंका के चलते पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों का चालान किया है। थाने से मिली जानकारी के मुताबिक गजराम पुत्र छोटे निवासी विलायत नगर यही के पंकेस पुत्र घासी, धर्मपाल पुत्र मुसद्दी, उमरी कला के अहमद पुत्र फारूक एवं पैंदापुर के रिशिपाल पुत्र राम सिंह के साथ-साथ अकबरपुर चौदरी निवासी विशाल पुत्र हो राम और अभिनव पुत्र हरि सिंह का चालान किया है बताया गया कि उक्त लोगों द्वारा दंगा फसाद और झगड़ा किया जा रहा था जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।





# श्रीकृष्ण के पराक्रम से बचा था महिलाओं का अस्तित्वः रमेश आर्य

■ पति में रक्षा, सुरक्षा और संरक्षण की व्यापकता समाहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया। पंडित वीरेंद्र आर्य ने मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात दीपेन्द्र सिंह आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया। वेदमुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया और डा राममुनि ने स्वास्थ लाभ के उपाय बताए। सत्संग में ष्नरकाचौदशष पर आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि आज का दिन श्रीकृष्ण के पराक्रम को स्मरण करने का और महिलाओं के अस्तित्व की रक्षा तथा क्रूर और महिलाओं के जघन्य अत्याचारी राक्षस के अंत का दिवस है। इसलिए आज विशेष कर महिला जाति के लिए एक स्वतंत्रता का दिवस भी है। वर्तमान समय में असम और तत्समय ज्योतिषपुर के राजा नरक. ासुर ने समस्त भारत से जैसा कहा जाता है 16हजार महिलाओं का अपहरण करके अपने यहां कैद कर रखा था। देश के अनेक राजाओं ने महिलाओं को मुक्त कराने को नरकासुर राक्षक से युद्ध किये लेकिन पराजित होते गये अंत में श्रीकृष्ण द्वारिकापुरी से नरकासुर की राजधानी ज्योतिषपुर गये और नरक. ासुर को युद्ध में पराजित कर सभी महिलाओं को मुक्त कराया। इसलिए आज के दिन को महिलाएं की स्वतंत्रता का और श्रीकृष्ण के पराक्रम, वीरता और शौर्य को स्मरण करने का दिवस भी है। रमेश आर्य ने आगे बताया कि आज से श्रीकृष्ण पर 16हजार रानियां रखने का भी कलंक लगा जो सत्यपरक नहीं है ,पति शब्द की व्यापकता को न मानकर उसको संकुचित अर्थो मे प्रसारित किया गया जिससे श्रीकृष्ण जैसे महापराक्रमी, महिलाओं के रक्षक, पालक और संरक्षक को गलत रुप से कलंकित किया गया है लेकिन आर्य समाज श्रीकृष्ण के चरित्र को पवित्र- पावन ,मानवता का पालक और उच्च आदर्शवादी मानता है। रमेश आर्य ने बताया कि आर्य समाज पति शब्द को व्यापक रूप से मानता है । पति का आशय है रक्षक, संकल्पबद्ध,और पालक। कन्या का पिता भी जब अपनी जान से प्यारी बिटियां का पाणिग्रहण संस्कार करता है तब वर से वचन लेता है कि अब तक जिस तरह मैंने इसकी सब तरह से रक्षा,सुरक्षा और पालन किया है आज के बाद यह जिम्मेदारी आपकी है, इस जिम्मेदारी का नाम पति है। किसी देश का प्रथम नागरिक को भी राष्ट्रपति कहां जाता है,देश का राजा भी अपनी प्रजा का पति होता है। ऐसे ही भूपति, प्रजापति, अश्वपति,ग्रहपति, बृहस्पति, प्रथ्वी पति, सेनापति अधिपति,जगतपति, कुलपति, कुलाधिपति, और सभापति आदि नाम सार्वभौमिक जिम्मेदारी के है। इसी तरह श्रीकृष्ण भी उन 16हजार महिलाओं के पाणिग्रहण संस्कार की तरह होने वाले पति नहीं अपितु एक रक्षक ,संरक्षक और पालक के रुप में थे।

आयोजन में अरबिंद आर्यबंधु मयंक आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य रविंद्र आर्य डा आलोक कुमार लोकेश आर्य यशपाल आर्य ,प्रज्ञाशु आर्य विनोद कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता कपिल आर्य डा रामन. रेश सिंह, निहाल सिंह राकेश कुमार, राजेश नारंग, अर्जुन सिंह प्रफुल्ल आर्य, अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।




# मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0)' के अंतर्गत रविवार को जनपद सम्भल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपालों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं व बालिक. ाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिक. ाओं को आत्मरक्षा, असामाजिक तत्वों से बचाव एवं महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। साथ ही बताया गया कि शासन एवं पुलिस विभाग महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर विभिन्न सरक. ारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि शामिल हैं। इसके साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 प्रमुख हैं। मोबाइल पर 'पैनिक बटन' और 'इमरजेंसी कॉल' का भी डेमो प्रस्तुत किया गया।

महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि यह अभियान न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।



## खुले बाल आश्रय गृह में बच्चों संग दिवाली मनाकर बाँटी खुशियाँ



**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार मुरादाबाद के अध्यक्ष पुष्प यादव एवं उनकी पूरी टीम द्वारा इस वर्ष दिवाली का पर्व एक खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अपनी टीम के साथ खुला बाल आश्रय गृह (ब्वेउवे भ्वेचपजंस के पास) पहुँचकर वहाँ रहने वाले बच्चों के साथ दिवाली धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बच्चों को उपहार, मिठाइयाँ और स्टेशनरी किट वितरित किए गए। आश्रय गृह में दिवाली का उल्लास देखते ही बनता था। बच्चों ने दीये जलाए, रंगोली बनाई और मिलजुलकर त्यौहार का आनंद लिया। मासूम चेहरों पर खुशी की मुस्कान ने पूरे माहौल को रोशन कर दिया। अध्यक्ष पुष्प यादव ने कहा, "दिवाली की असली खुशी तभी है जब हम इसे समाज के हर वर्ग के साथ बाँटें। इन बच्चों की मुस्कान ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है।" इस पहल के जरिए समाज को यह संदेश दिया गया कि दिवाली सिर्फ रोशनी और पटाखों का त्यौहार नहीं, बल्कि प्यार, अपनापन और खुशियाँ साझा करने का अवसर है। शिव पार्वती रसोई की इस पहल की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर संस्था की ओर से दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता प्रत्यूष यादव आशुतोष त्यागी सुमित टंडन विशाल कांत योगेश भारती सुनीत अग्रवाल ओमप्रकाश सिंह आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

















## महिला की शिकायत पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महिला की शिकायत पर पुलिस ने देवर जेठ नंद और नंदोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना छजलैट के गांव लदावली निवासी पूजा पत्नी विनोद का आरोप था की 16 अक्टूबर को 9:00 बजे उसका देवर सतीश पुत्र मलखान जेठ पप्पू नंदोई उमेश नंनद सुमन ने उसके व उसके पति के साथ गाली गलौज की और मारपीट की। सतीश और पप्पू पर महिला ने चाकू मार कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करते रहते हैं।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जान शुरू की है।

# सम्पादकीय

सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## मुहब्बत से मनाएं दिवाली

दुनिया में तमाम त्योहार लोगों में खुशियां, भाईचारा, एकजुटता, मुहब्बत का पैगाम देने के लिए जाने जाते हैं। आप किसी वर्ग, किसी भी समुदाय में आस्था रखते हों, इससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। भारत तो वैसे भी विभिन्न संस्कृतियों वाला देश रहा है। इसलिए यहां धर्मों का विशेष महत्व होने के साथ-साथ त्योहारों का भी विशेष महत्व है। दीपावली भी उनमें से एक ऐसा त्योहार है, जिसका अपना एक धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व है। यह बुराई पर अच्छाई के रूप में मनाया जाता है। दीपावली मनाने को लेकर लोगों में किस तरह का जोश है, वह बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखकर साफ देखा जा सकता है। लोग अपने सामर्थ्य अनुसार धनतेरस को लेकर खरीदारी कर रहे हैं। हां यह जरूर कहा जा सकता है कि आर्थिक कारण भी कहीं न कहीं हमारे त्योहारों पर भी प्रभाव जरूर डालते हैं। प्रदूषण भी इस समय बड़ी समस्या बना हुआ है। इन पर प्रतिबंधों का सभी को पालन करना चाहिए, क्योंकि सरकारी स्तर पर प्रतिबंध लगाने से बात नहीं बनती है, जब तक लोग उसमें अपना सहयोग न दें। आखिर कहते भी हैं कि जान है तो जहान है। जब जीव सुरक्षित होगा, स्वस्थ होगा, तभी हर चीज में आनंद आता है। इसलिए पटाखों के साथ-साथ ऐसी चीजों से बचने की आवश्यकता है, जो प्रदूषण फैलाने का काम करें। पराली को लेकर भी लोगों को गंभीरता दिखानी चाहिए, विशेषकर किसानों को। अच्छी बात यह है कि लोंगों में प्रदूषण के प्रति अब जागरूकता भी आ रही है और लोग इसमें अब सहयोग भी करने लगे हैं, लेकिन बेहतर हो कि इस तरह के फैसले समय पर लिए जाएं। जहां तक बात लोगों की है, जैसाकि हमने पहले ही कहा कि त्योहार के प्रति लोगों में जुनून स्वाभाविक है, लेकिन इस बार लोगों को थोड़ा इस पर अहतियात बरतने की भी आवश्यकता है। बेहतर यही है कि पटाखों को लेकर जो सरकार ने गाइडलाइन जारी की है, लोग उसका पालन करें। अब यह कोई मुश्किल काम भी नहीं है, क्योंकि हम अब इसके काफी अभ्यस्थ भी हो चले हैं और सबसे बड़ी बात हम एक-दूसरे की सहलूलियत का ख्याल रखें और अपनी तरफ से कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी का दिल दुखे। आखिर त्योहार हमें सीख तो यही देते हैं कि हम जहां तक भी संभव हो, ऐसा काम करें जिससे लोगों में प्यार, विश्वास, सौहार्द बने, यही सच्चे अर्थों में त्योहार मनाने की कला भी है और त्योहारों का असल मकसद भी यही है।

### जमीनी तैयारी तेज करें राज्य की इकाइयां



जमीनी तैयारी तेज करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें, देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है, सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है, जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं, बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है।

-मायावती, बसपा प्रमुख

## बारूद नहीं, दीप जलाएं, हरित दीपोत्सव की ओर कदम बढ़ाएं



योगेश कुमार गोयल



दीवाली, उजालों का त्योहार, खुशियों का स्वागत! लेकिन जब यही जश्न हमारी सांसों को घुटन से भर दे और हमारे वातावरण को जहर बना दे, तब सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हम सच में रोशनी फैला रहे हैं या अंधकार को और गहरा कर रहे हैं। भारत में सदियों से दीयों की झिलमिलाती रोशनी और हल्की आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाने की परंपरा रही है। यह पर्व अच्छाई की विजय, प्रकाश की महिमा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है परंतु पिछले कुछ दशकों में इसका स्वरूप इस कदर बदल गया है कि अब यह 'आतिशबाजी का युद्ध' प्रतीत होता है। वह उत्सव, जो कभी शांति और प्रकाश की अनुभूति देता था, आज शोर, धुएं और प्रदूषण का प्रतीक बन चुका है।

बारूद से लबालब पटाखों की चमक पलभर में न केवल जान-माल का खतरा पैदा करती है बल्कि वायु, ध्वनि और मिट्टी तीनों को गहराई से प्रदूषित करती है। इन पटाखों में बेरियम, सीसा, गंधक और कॉपर जैसे रासायनिक तत्व होते हैं, जो फूटने के बाद घंटों तक वातावरण में तैरते रहते हैं। बेरियम रेडियोधर्मी और विषैला होता है, कॉपर कैंसर का खतरा बढ़ाता है और गंधक श्वसन तंत्र को नष्ट करता है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें न केवल फेफड़ों और दिल पर असर डालती हैं बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित होती हैं।

ध्वनि प्रदूषण भी किसी हथियार से कम नहीं। कई जगहों पर पटाखों की आवाज 130 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है, जो कानों की सीमा से कहीं ऊपर है। इसका सीधा असर नींद, तनाव, हृदय की गति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह केवल मनुष्यों को नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और पालतू जानवरों को भी भयभीत कर देता है। कई शोध बताते हैं कि पटाखों की तीव्र ध्वनि पशुओं की सुनने की क्षमता को स्थाई नुकसान पहुंचाती है। प्रदूषण के इस असर ने पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण शुक्राणुओं की संख्या में 40 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।

जब हर दसवां भारतीय अस्थमा से जूझ रहा हो और हवा गर्भस्थ शिशु तक के लिए विष बन चुकी हो, तब एक रात की यह आतिशबाजी केवल असंवेदनशीलता का प्रतीक बन जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर स्थिति पर हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल दिल्ली या एनसीआर की समस्या नहीं बल्कि पूरे देश का दायित्व है। इस वर्ष केवल एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित 'हरित पटाखों' की अनुमति दी गई है, जिनमें बेरियम, सीसा या आर्सेनिक जैसे जहरीले रसायन नहीं होंगे।

प्रत्येक पैकेट पर क्यूआर कोड अनिवार्य होगा ताकि नकली या विषैले पटाखों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, अदालत ने दीवाली पर पटाखे चलाने के लिए एक निश्चित समय तय किया है। ऑनलाइन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और आदेश उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द करने व स्टॉक जब्त करने की चेता. वनी दी गई है। परंतु अदालत के आदेश तभी सार्थक होंगे, जब नागरिक अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। पर्यावरण संरक्षण केवल कानून का नहीं, चेतना का विषय है। जब तक लोग स्वयं संवेदनशील नहीं होंगे, कोई भी नीति या न्यायालय पृथ्वी को नहीं बचा सकते। दीवाली की असली सुंदरता पटाखों के धमाकों में नहीं, दीयों की रोशनी में है, वह रोशनी, जो हमारे घर, मन और समाज को प्रकाशित करती है। आज यह पर्व, जो कभी स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था, अब कचरे और धुएं में डूबता जा रहा है। यह कैसी दीवाली है, जो हमारी सांसें छीन लेती है?

अब समय है कि हम अपनी परंपराओं को आधुनिक विवेक से जोड़ें। यदि आतिशबाजी करनी ही है तो केवल हरित पटाखों का सीमित प्रयोग करें। अपने घरों और गलियों को दीयों की रोशनी से सजाएं, एक-एक पौधा लगाएं और बच्चों को सिखाएं कि असली उजाला वही है, जो जीवन को बचाए, न कि उसे धुएं में डुबो दे। दुनिया के कई देशों में त्योहारों के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी जुड़ी होती है। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर में एक उत्सव पर हर परिवार आतिशबाजी के साथ एक पौधा भी लगाता है, यह छोटी-सी परंपरा गहरे संदेश देती है। भारत भी ऐसा कर सकता है, जहां उत्सव और पर्यावरण का संतुलन साथ चले।

आज जब दिल्ली सहित देश के कई अन्य शहरों की हवा पहले से ही जहरीली हो चुकी है, हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक रात का आनंद आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से बड़ा नहीं हो सकता। हमें अपने बच्चों को ऐसी दीवाली देनी है, जो सिर्फ आंखों को नहीं, दिलों को भी उजाला दे। दीवाली दीयों की हो, धमाकों की नहीं क्योंकि असली रोशनी वही है, जो प्रकाश के साथ करुणा और जिम्मेदारी का संदेश फैलाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## राम को तो रोज अपने घर लौटना चाहिए

श्रवण गर्ग





हमें एक ऐसी दीपावली की दरकार है जो साल भर अविराम चलती रहे। हमने अनुभव कर लिया है कि जिस रावण का विजयदशमी के दिन दहन होता है वह पूरे साल नष्ट नहीं होता। राम साल में सिर्फ एक बार ही हमारे जीवन की अयोध्या में लौटते हैं। हम पूरे साल रामकी प्रतीक्षा में रावण को जीते रहते हैं।

राम की प्रतीक्षा के दीपोत्सव में राष्ट्र अपनी साल भर की उदासी के उपवास को सामूहिक उल्लास के जरिए तोड़ता है ! समाज जैसेअपनी संपूर्ण देह और चेतना के साथ एक रात के लिए प्रार्थनाओं के एक घने जंगल में प्रवेश कर पेड़ों से जमीन पर पड़ कर सूख चुकेपत्तों पर दीप-नृत्य करते हुए शोर पैदा करता है।

अमावस्या का अंधकार जैसे-जैसे गहरा रहा है, हम उतने ही ज्यादा डरते हुए रोशनी और शोर में इजाफा करते जा रहे हैं। न तेज रोशनीआंखों को चुभ रही है और न चीखता हुआ क्रूर शोर कानों को भेद रहा है। रोशनी और शोर हमारी सामूहिक उदासी को तात्कालिक रूप से लील जाते हैं। त्योहार को मनाने का उत्साह जैसे साल भर की उदासी, एकाकीपन और रिक्तता से अस्थाई मुक्ति का अवसर प्रदान करता है, उसकी समाप्ति के बाद महसूस होने वाली थकान अपने को पीड़ाओं के पुराने जंगल में वापस लौटाने का भय होती है।

राम के रूप में एक नायक के वनवास से लौटने की उत्कंठा में हम वास्तव में अपने-अपने संघर्षों की कथाओं के किसी सुखद समापन की संभावनाएं तलाशते हैं। संघर्ष उन शक्तियों के खिलाफ जो हमारी सामूहिक चेतना को अवसाद की लंकाओं में परिवर्तित करते रहते हैं। इसीलिए हम राम को आदर्श और नायक दोनों ही रूपों में एकसाथ आत्मसात करना चाहते हैं। हम जब बखान करते हैं कि हमें अपनी अयोध्या में राम की प्रतीक्षा है तो स्वीकार नहीं करना चाहते कि हम कितने भयभीत हैं।

हम रामकी वापसी उनका वैभव उन्हें वापस सौंपने के लिए नहीं बल्कि अपने वैभव की रक्षा की कामना के लिए करना चाहते हैं। दीयों के तेजप्रकाश के बीच हमारे चमचमाते हुए चेहरे इतने भयातुर हैं कि अपने भगवान को अयोध्या की सीमाओं पर ही रोककर अपनी महत्वाकांक्षाओं के सारे वनवास उनके हवाले कर देना चाहते हैं। हकीकत यह है कि राम की अयोध्या वापसी के पर्व को हम अपनी जड़ों में वापस लौटने का संबल बनाना चाहते हैं। हम थक चुके हैं और बहुत सारी जगहों के वनवासों, लड़ाइयों से मुक्त होकर अपनी-अपनी अयोध्या में वापस लौटना चाहते हैं। हम डर रहे हैं कि उत्सव की समाप्ति के साथ ही हमें अपने अवसादों के बियाबानों में फिर वापस लौटना पड़ेगा। हमें एक ऐसी दीपावली की जरूरत है जो राम कीप्रतीक्षा में साल भर चलती रहे और हमारी आत्माओं में बसे हुए राम रोज अपने घर आते रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जब इतिहास बोलता है, तो भविष्य सुनता है

वाहिद नसीम





कल्पना कीजिए एक ऐसा खेलक्षेत्र, जहां गेंद न केवल लकड़ी से टकराती है, बल्कि हड्डियां चूर-चूर कर देती है। 1970-80 के दशक में वेस्टइंडीज की कैरेबियन तूफान विवि रिचर्ड्स की आग, माइकल होल्डिंग की बिजली, मैल्कम मार्शल की बौछार ने विश्व को कांपाया। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत सभी डरे। सुनील गावस्कर ने कहा, उनके सामने बल्लेबाजी आत्महत्या है। 15 वर्ष अजेय! 47 टेस्ट जीत, सिर्फ 6 हार, लेकिन जब हारना मुश्किल हो गया, तो मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब वह गोरी नस्ल का संरक्षक क्रिकेटनियमों का इकलौता मालिक जो नियमों की चालाकी से खेल पलट देता है और दुनिया की अजय टीम हारने लगती है। यह क्रिकेट नहीं, उपनिवेशवाद का अदृश्य युद्ध था।

MCC ने 1980 के कोड में बदलाव किया। वेस्टइंडीज की जीत का रहस्य उनकी फास्ट बॉलिंग की आक्रामकता, बाउंसरों की बरसात, जो गोरे बल्लेबाजों की नींद उड़ा देती उसे अनफेयर घोषित कर दिया। अंडरआर्म बॉलिंग (ट्रेवर चौपल का विवाद) प्रतिबंधित, लेकिन असली निशाना वेस्टइंडीज की ओवरआर्म स्पीड भी थी। LBW नियम सरलीकृत, बैकफुट नो-बॉल सख्त सब गोरी टीमों के फायदे के लिए। जिस गेंद अंग्रेज स्विंग से मारते (जैसे बॉब विलिस), उसे कला कहा गया। वहीं वेस्टइंडीज की बाउंसर बमबारी को खेल-विरोधी करार दे दिया गया। नतीजा? 1991 तक वेस्टइंडीज राज समाप्त कर दिया गया। यानि जो खेल कर नहीं जीत सकते थे उन्हे MCC के नियमों ने जीत दिलाई। यह बाइमेनी की जीत थी गोरे उपनिवेशवादी, काले गुलामों को मैदान पर भी गुलाम बनाए रखने में सफल रहे। वेस्टइंडीज की टीम की इस टेक्निकल हत्या पर गुलामों का कोई स्वर बाहर नहीं आया।

### उपनिवेशवाद का ब्रह्मास्त्र नियमों का अदृश्य जाल

ऐसा सिर्फ, क्रिकेट खेल में नहीं बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद आजादी का ढोंग में भी ब्रिटिश उपनिवेशवादी सोच के हिसाब से अदृश्य नियम गढ़े।

जैसे गुलामी के जमाने में पुलिस नियम थे ज्यादा तर वही आज भी हैं फौज नियम, शिक्षा नियम, यूनाइटेड नेशन नियम, मिलेनियम गोल, IMF नियम, SDGS नियम, वर्ल्ड बैंक नियम। पर्यावरण नियम। यानि हर नियम अपनी सुविधा और हमारी गुलामी को ध्यान में रक कर किसी को वेस्ट इंडीज बनने की दौड़ से बाहर ही रखा असल बात यह है कि हमारे ही खिलाफ बनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नियम हम उन्हें चेलेंज ही नहीं कर पाते या समझ ही नहीं पाते।

साउथ एशिया की अधिकतर मूर्ख जनता अनभिज्ञता पर भी खूब घमंड कर लेती है, क्योंकि सीमित सोच के अधीन कर दी गई जनता एक उपनि. वेश से निकल कर दूसरे उपनिवेश की और तो जा सकती है। आजादी की ओर हरगिज नहीं। अधिनायकवाद ही इनका मुकद्दर है।

## क्या कृत्रिम बुद्धि बता सकती है आपकी सेहत का भविष्य?

आमतौर पर किसी व्यक्ति को भविष्य में संभावित स्वास्थ्य सम्बंधी जोखिमों का अनुमान उसके स्वास्थ्य-सम्बंधी अतीत, वर्तमान जीवनशैली वगैरह के आधार पर लगाया जाता है। अब वैज्ञानिकों ने Delphi-2M नाम का एक नया एआई टूल तैयार किया है जो इस काम को ज्यादा विश्वसनीयता और सटीकता अंजाम दे सकता है। यह टूल कैंसर, त्वचा रोग और प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी गड़बड़ियों जैसी हजार से ज्यादा बीमारियों का खतरा भांप सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह खोज स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अभी तक मौजूद एआई टूल्स केवल किसी एक बीमारी की संभावना बताते हैं, जैसे दिल की बीमारी या कैंसर।

पूरी तस्वीर पाने के लिए डॉक्टरों को कई मॉडल इस्तेमाल करने पड़ते हैं। लेकिन क्मसचीप-2ड एक ही जगह पर सभी बीमारियों की पूरी जानकारी दे देता है। यह टूल वैज्ञानिकों ने चौटजीपीटी जैसे चौटबॉट्स को चलाने वाले एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल में परिवर्तन कर बनाया है। जहां लार्ज लैंग्वेज मॉडल वाक्य में अगले शब्द का अनुमान लगाता है, वहीं Delphi-2M इंसान के स्वास्थ्य पर आने वाला खतरों का अनुमान लगाता है। इसमें उम्र, लिंग, बॉडी मॉस इंडेक्स, धूम्रपान व शराब की आदतें, मेडिकल इतिहास और जीवनशैली जैसी जानकारियां डाली जाती हैं। इस टूल को यूके बायोबैंक के चार लाख लोगों के स्वास्थ्य डैटा से प्रशिक्षित किया गया है। इसके परीक्षण में पाया गया कि Delphi-2M के अनुमान एकल बीमारी वाले मौजूदा मॉडलों जितने ही सटीक हैं, बल्कि कई बार उनसे बेहतर भी निकले। यहां तक कि यह एक अन्य उन्नत एआई टूल से भी आगे निकल गया, जो खून में उपस्थित जैविक संकेतकों से बीमारियां पहचानता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ कई बीमारियों का अनुमान लगाने की क्षमता इसे काफी अनोखा बनाती है। यदि यह ब्रिटेन के बाहर अलग-अलग आबादी में भी सफल होता है तो यह डॉक्टरों को ज्यादा खतरे में रहने वाले मरीजों को पहले ही पहचानने में मदद करेगा। इससे समय पर बचाव, जीवनशैली में सुधार और व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजनाएं बनाना आसान हो जाएगा जो लाखों लोगों को गंभीर बीमारियों से बचा सकती हैं। लेकिन एक स्वाभाविक सा सवाल उठता है। भारत जैसे देश में, जहां बीमारी हो जाने के बाद भी इलाज नहीं मिलता, वहां 10 साल बाद की भविष्यवाणी व्यक्ति को चिंता के अलावा और क्या दे पाएगी?

-स्रोत फीचर्स


समस्त क्षेत्रवासियों शिक्षकों, प्रबंधकों,
भाजपा कार्यकर्ताओं, किसान भाईयों एवं देशवासियों को
दीपावली, भाई-दूज
एवं
गंगा स्नान की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौ.भूपेन्द्र सिंह
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा उ.प्र.
स० दुजेन्द्र सिंह उर्फ कोकी
स०गुरेन्द्र सिंह
ब्लाक प्रमुख अमरोहा
स० हरेन्द्र सिंह ढिल्लो
जिला महामंत्री
अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
डॉ० हरि सिंह ढिल्लो
शिक्षक विधायक


40, नौगावां विधानसभा, अमरोहा
समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली, भैयादूज
एवं गंगास्नान
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अखिलेश यादव जी
पूर्व मुख्यमंत्री (उ. प्र.)
राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी
श्री अजय मलिक
पूर्व प्रत्याशी एम.एल.सी.
मुरादाबाद - बिजनौर क्षेत्र


सभी देशवासियों को
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रपाल सिंह प्रधान, आवास विकास
गवर्मेंट कान्ट्रेक्टर, नगर पालिका अमरोहा


अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
महबूब अली
पूर्व मंत्री/विधायक
परवेज अली
पूर्व एमएलसी
दीपावली एवं
भैयादूज
की सभी
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
भगत सिंह उर्फ बॉबी
पूर्व चेयरमैन गन्ना विकास सहकारी समिति अमरोहा


धनतेरस, दीपावली
भैयादूज एवं गंगा स्नान
के पावन पर्व
पर समस्त जनपदवासियों,
दोस्तों, अधिकारियों,
कर्मचारियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
विरेन्द्र शर्मा, ठेकेदार
शर्मा कान्ट्रेक्टर, मौहल्ला प्रेमनगर, जोया


सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन एवं भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
साहिल कुमार सोनू
स्व. सतपाल सिंह, मंत्री
मयंक कुमार मोनू
खादी ग्रामोद्योग विकास मण्डल, कालाखेड़ा
श्री बालाजी ट्रेडिंग कम्पनी दिल्ली रोड, जोया
श्री बालाजी टैक्सटाईल
दिल्ली रोड जोया, जनपद अमरोहा


दीपावली एवं भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
YUVRAJ ASSOCIATE
DEALS IN PLOT AND BUILDING
PROP. VIVEK SHARMA
Mob. 9760038308
OTHER FIRMS:
RAJ CAR BAZAR & RAJ TRAVEL AGENCY
AMROHA


मुलायम सिंह यादव
सपा संरक्षक
अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष सपा
डिम्पल यादव
सांसद
दीपावली
के मुबारक मौके पर सपा
कार्यकर्ताओं, दोस्तों एवं
क्षेत्रवासियों को पुरखुलूस
मुबारकबाद देते अल्लाह से
सबकी तरक्की व खुशहाली
के लिए दुआ करता हूं।
अशफाक अली खां
प्रदेश सचिव सपा, पूर्व विधायक नौगांवा सादात


समस्त क्षेत्रवासियों, ईष्ट
मित्रों, सहयोगियों को
दीपावली, भईयादूज
की हार्दिक
शुभकामनाएं
रामवीर सिंह, प्रदेश महासचिव, RLD
किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पंप, हाकमपुर
प्रशांत औलख
क्षेत्रीय अध्यक्ष छात्रसभा RLD


धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमंगलम होटल
जोया रोड, अमरोहा, फोन : 253426, 9897038103
सम्बन्धित प्रतिष्ठान :
अवतार ट्रेडिंग कम्पनी
जट बाजार, अमरोहा
रामकुमार एण्ड संस
सिटी सलेक्शन प्वाइंट
राजीव अग्रवाल नवाब
आलोक अग्रवाल
शरद अग्रवाल


दीपावली
के अवसर पर छात्र
छात्राओं
शिक्षकों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
विरेन्द्र गुप्ता, प्रबंधक
ए.एस.एम. माईन एकेडमी खाता, जोया


दीपावली एवं भैयादूज
के अवसर पर आप सभी को
हार्दिक
शुभकामनाएं
तपेश कुमार
अवर अभियंता (जल) नगर पालिका अमरोहा


DSM
POULTRY & FEEDS
Farm Fresh Eggs...
Fed with organic herbs
Healthy
Delicious
Bright Yolk
Any time is Egg time
TO BE REFRIGERATED
BEST BEFORE 20 DAYS FROM DATE OF PACKAGING
For Suggestions
M/s DSM Poultry & Feeds


सभी देश वासियों को
दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा
के पावन पर्व की
हार्दिक
शुभकामनायें
पं. संजीव शर्मा
समाजसेवी